● जयपुर, शुक्रवार, 2 फरवरी 24 ● वर्ष 01 ● अंक 165 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.com | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक चमकता राजस्थान

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 सामुदायिक चिकित्सालय में किया 98 लाख के विकास कार्यों ....
पेज @4 सैमसंग गैलेक्सी टैब 29 सीरिज जेएलएफ की भव्य शुरुआत...
पेज @8 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों...

# संसद में अंतरिम बजट पेश

# इन्कम टैक्स में कोई बदलाव नहीं

## लक्षद्वीप जैसे द्वीपों पर सुविधाओं के लिए परियोजनाएं शुरू की जाएंगी

**नई दिल्ली/एजेंसी**

अंतरिम बजट भाषण के समापन के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वित्त विधेयक 2024 पेश किया ,विधेयक को पूर्ण बहुमत से पास किया गया।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा हमारे युवा देश में उच्च आकांक्षाएं हैं, अपने वर्तमान पर गर्व है और उज्ज्वल भविष्य के लिए आशा और विश्वास है। हम उम्मीद करते हैं कि हमारी सरकार को उसके शानदार काम के आधार पर लोग फिर से एक शानदार जनादेश देंगे।

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बड़ा ऐलान

## हर महीने मिलेगी 300 यूनिट मुफ्त बिजली

नई दिल्ली ,01 फरवरी (आरएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी बजट में सोलर स्कीम की भी शुरुआत की है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि 'रूफटॉप सोलर' परियोजना के तहत एक करोड़ परिवार को हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। सोलर रूफटॉप स्कीम से घरों को 15000-18000 रुपये की बचत की उम्मीद है।

इससे पहले 22 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी ने 1 करोड़ घरों पर रूफटॉप सौर ऊर्जा स्थापित करने के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना शुरू करने के लिए एक बैठक की थी। प्रधानमंत्री ने बैठक के दौरान कहा था कि सोलर एनर्जी का उपयोग छत वाले प्रत्येक घर द्वारा अपने बिजली के बिल को कम करने और उन्हें अपनी बिजली की जरूरतों के लिए वास्तव में आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया जा सकता है। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना का लक्ष्य निम्न और मध्यम आय वाले व्यक्तियों को रूफटॉप सौर ऊर्जा की स्थापना के माध्यम से बिजली उपलब्ध करना है, साथ ही अतिरिक्त बिजली उत्पादन के लिए अतिरिक्त आय का अवसर उपलब्ध करना है।

## एलपीजी सिलेंडर के बढ़े दाम

**नई दिल्ली/एजेंसी।** आज संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट पेश करेंगी। इससे पहले ही देश में महंगाई का झटका लगा है। 19 किलोग्राम वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर महंगा हो गया है। आईओएल की वेबसाइट के मुताबिक, इसकी कीमतों में 14 रुपये का इजाफा किया गया है, जिसके बाद राजधानी दिल्ली में एक कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत बढ़कर 1769.50 रुपये हो गई है। बदलाव के नई दरें आज 1 फरवरी 2024 से लागू हो गई हैं। ताजा बदलाव के बाद जहां दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर का दाम 1755.50 रुपये से बढ×कर 1769.50 रुपये कर दिया गया है। वहीं अन्य महानगरों की बात करें तो कोलकाता में एक सिलेंडर 1869.00 रुपये से बढ़कर 1887 रुपये का कर दिया गया है।

## अंतरिम बजट की महत्वपूर्ण घोषणाएं

» केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा मैं आयात शुल्क सहित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के लिए समान कर दरों को बनाए रखने का प्रस्ताव करती हूं। संसद में अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, 2024–25 में राजकोषीय घाटा त्रष्ठक्क का 5.1 रहने का अनुमान है।

» 1.घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लक्षद्वीप सहित हमारे द्वीपों पर बंदरगाह कनेक्टिविटी, प र्यटन बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के लिए परियोजनाएं शुरू की जाएंगी

» 2.यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और आराम के लिए 40,000 सामान्य रेलवे बोगियों को वंदे भारत मा नकों में परिवर्तित किया जाएगा।

» 3.तीन प्रमुख आर्थिक रेलवे कॉरिडोर लागू किए जाएंगे, ये हैं– 1) ऊर्जा, खनिज और सीमेंट कॉ रिडोर, 2) पोर्ट कनेक्टिविटी कॉरिडोर, 3) उच्च यातायात घनत्व कॉरिडोर। मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को सक्षम करने के लिए पीएम गतिशक्ति के तहत परियोजनाओं की पहचान की गई है।

» 4.आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य कवर सभी आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स हायकों तक बढ़ाया जाएगा।संसद में अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, कोविड के बावजूद हमने पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 3 करोड़ घर बनाने का काम पूरा हुआ। 2 करोड़ घर अगले 5 साल में और बनाए जाएंगे।

» 5.पिछले 10 साल में 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए...ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिलाओं को 70ब्र आवास महिलाओं को मिले हैं।

» 6.वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा अगले पांच साल अभूतपूर्व विकास के साल होंगे। हमारी स रकार ऐसी आर्थिक नीतियां अपनाएगी जो विकास को बढ़ावा दें और बनाए रखें, समावेशी और सतत विकास की सुविधा प्रदान करें, उत्पादकता में सुधार करें, सभी के लिए अवसर पैदा करें, उन्हें अपनी क्षमताओं को बढ़ाने में मदद करें और ऊर्जा निवेश और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए संसाधनों के उत्पादन में योगदान दें।

» 7.हमें गरीब, महिलायें, युवा और अन्नदाता पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है; वित्त मंत्री निर्मला सी तारमण ने अपने अंतरिम बजट भाषण में कहा, उनकी जरूरतें और आकांक्षाएं हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।

» 8.अंतरिम बजट में सीतारमण ने कहा भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले 10 वर्षों में गहरा सकारात्मक प रिवर्तन देखा है, भारत के लोग आशा और आशावाद के साथ भविष्य की ओर देख रहे हैं। लोगों के आशीर्वाद से, जब हमारी सरकार – पीएम के नेतृत्व में नरेंद्र मोदी – 2014 में सत्ता संभाली, देश को सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। सरकार ने उन चुनौतियों पर सही तरीके से काबू पाया

» 9.वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कौशल भारत मिशन ने 1.4 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित कि या है, 54 लाख युवाओं को प्रशिक्षित और पुनः कुशल बनाया है, और 3000 नए आईटीआई स्थापित किए हैं। बड़ी संख्या में संस्थागत उच्च शिक्षा, अर्थात 7 आईआईटी, 16 आईआईआईटी, 7 आईआईएम , 15 एम्स और 390 विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं।

### वित्त मंत्री ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां, बोलीं

## हमने भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को खत्म किया

**नई दिल्ली/एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को संसद में 2024 -25 का अंतरिम बजट पेश किया। सीतारमण ने लोकसभा में अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि सरकार का दृष्टिकोण सबका साथ, सबका विश्वास है और इसके अनुरुप सरकार काम कर रही है। सीतारमण का वित्त मंत्री के रूप में यह छठा बजट है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का भी यह अंतिम बजट है।

वित्त मंत्री ने कहा कि सामाजिक कल्याण के लिए सरकार ने सर्वांगीण, सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी नीति और कार्यक्रम लागू किये तथा भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद को खत्म किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण से सरकार को दो लाख करोड़ रुपए की बचत हुई है जिससे कल्याणकारी योजनाओं के लिए धन सुलभ हुआ है। उन्होंने इसे सही सजीव धर्मनिरपेक्षता बताया। इससे पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिम बजट को स्वीकृति दी और वित्त मंत्री ने इसे राष्ट्रपति को भेंट किया।



**फास्ट टेक**

## गोवा के मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी की 6 फरवरी के दौरे की तैयारियों की समीक्षा की

**पणजी/एजेंसी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि 6 फरवरी को राज्य में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में 50,000 से अधिक लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा, हम प्रधानमंत्री के सामने पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों की सूची पेश करेंगे।

जनसभा में 50,000 से अधिक लोग शामिल होंगे। सरकार द्वारा आयोजित जनसभा दक्षिण गोवा के मडगांव में होगी।प्रधानमंत्री दक्षिण गोवा में भारत ऊर्जा सप्ताह कार्यक्रम में भी शामिल होंगे और कई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे।सावंत ने कहा कि प्रधानमंत्री कुल सात परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। सावंत ने कहा, प्रधानमंत्री कुनकोलिम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के नए परिसर, डोनापुला में भारतीय जलक्रीड़ा संस्थान, बेटिम में नेवी कॉलेज और कर्चोरेम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र का उद्घाटन करेंगे।


### देर रात 2 बजे हुई पूजा-अर्चना

# ज्ञानवापी के तहखाने में 31 साल बाद जले दीप

**वाराणसी /एजेंसी**

वाराणसी कोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका पर ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में पूजा-पाठ करने का अधिकार दे दिया है। जिसके बाद आज ज्ञानवापी परिसर में आखिरकार 31 साल बाद पूजा-अर्चना शुरू हो गई है। जिला अदालत के फैसले के बाद ज्ञानवापी के उस व्यास तहखाने में आधी रात को 2 बजे पूजा हुई। विश्वनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी ओम प्रकाश मिश्रा और अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त निकालने वाले गणेश्वर द्रविड़ ने व्यास जी के तहखाने में पूजा कराई। वहीं आज सुबह काफी संख्या में लोग पूजा के लिए ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में पहुंचे हैं। इस मामले में डीएम ने कहा कि जिला कोर्ट के आदेश का अनुपालन कराया गया है।

बता दें कि कोर्ट का आदेश आने के बाद रातोरात तहखाने से बैरिकेडिंग हटा दी गई थीं। इसके बाद तड×के ही पूजा के लिए लोग जुटने लगे। पूजा की शुरुआत



कड़े प्रशासनिक सुरक्षा घेरे में शुरू हुई है। भारी फोर्स की मौजूदगी में श्रद्धालु व्यास तहखाने की ओर जा रहे हैं और पूजा-अर्चना कर रहे हैं। काशी विश्वनाथ ट्रस्ट बोर्ड की तरफ से पूजा करवाई जा रही। दरअसल, वाराणसी कोर्ट के जज अजय कृष्ण विश्वेश ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में मौजूद तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का फैसला सुनाया था। उन्होंने जिला प्रशासन को 7 दिन के अंदर व्यवस्था कराने का आदेश दिया था। जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और महज कुछ ही घंटे में बैरिकेडिंग आदि खोलकर व्यास तहखाने में पूजा की व्यवस्था करा दी गई।

कोर्ट के फैसले के 9 घंटे बाद ही लोहे के बाड़ हटा दिए गए और देर रात पूजा की शुरुआत भी कर दी गई। गुरुवार रात 12:00 बजे भारी प्रशासन की मौजूदगी में विश्वनाथ मंदिर की तरफ से, जहां बड़े नंदी विराजमान हैं उनके ठीक सामने बैरिकेडिंग को खोलकर तहखाना पर जाने का रास्ता बनाया गया। सर्वे के दौरान जो मूर्तियां वहां मिली थीं उसे रखकर देर रात तक पूजा-पाठ कराया गया। आरती की गई और भोग और प्रसाद भी वितरित किए गए। आज से व्यास जी के तहखाना में शयन आरती, मंगल आरती सहित पूजा-पाठ की सभी विधियां वहां मौजूद देवी-देवताओं के विग्रह के सामने पूरी की जाएंगी। प्रशासन ने देर रात तहखाना के भीतर के पूजा आदि की व्यवस्था को काशी विश्वनाथ ट्रस्ट को सौंप दिया।

गौरतलब है कि महज 9 से 10 घंटे के भीतर ही ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास तहखाने को खोलकर उसमें पूजा-पाठ करने के जिला जज के आदेश का अनुपालन स्थानीय पुलिस और प्रशासन ने मिलकर करा दिया। कोर्ट के इस आदेश का कंप्लायंस आधी रात को करने के बाद इसकी जानकारी खुद वाराणसी के जिला अधिकारी जो कोर्ट के आदेश पर ही ज्ञानवापी के व्यास तहखाने के रिसीवर बनाए गए हैं के द्वारा साझा की गई।

## ईडी के खिलाफ याचिका पर हेमंत सोरेन को तत्काल राहत नहीं, कल हाईकोर्ट में होगी सुनवाई

**रांची/एजेंसी।** ईडी की कार्रवाई के खिलाफ झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली। दरअसल, हेमंत सोरेन की ओर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अदालती कार्यवाही में जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बहस के लिए वक्त की मांग की। अदालत ने इस पर नाराजगी जताते हुए अगली सुनवाई कल यानी शुक्रवार को निर्धारित की है। गौरतलब है कि हेमंत सोरेन की ओर से ईडी की कार्रवाई को चुनौती देते हुए कल ही हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट पिटिशन दाखिल की गई थी। इसको लेकर मेंशन किए जाने के बाद हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की बेंच ने सुनवाई की। हेमंत सोरेन की ओर से कपिल सिब्बल के अलावा हाईकोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा। ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने बहस की।

## जम्मू-कश्मीर में बड़ा सडक हादसा, खाई में वाहन गिरने से 8 लोगों की मौत

**श्रीनगर/एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती शहर उरी के पास एक सड×क हादसे में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 7 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि उरी शहर के पास बुजथलन तातमुल्ला में एक यात्री वाहन चालक के नियंत्रण से बाहर हो गया और लगभग 100 मीटर नीचे खड्ड में जा गिरा। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, राहत और बचाव अभियान तुरंत शुरू कर दिया गया। इस दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई है, जबकि 7 घायलों को इलाज के लिए बारामूला शहर के सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल में रेफर किया गया है।

# दिल्ली की 'सुनहरी' पर बवाल क्यों?

भारत में विकास के कार्यों में कानूनी पेचीदगियां, धार्मिक एवं राजनीतिक हस्तक्षेप कोई नई बात नहीं है। वैसे भी विपक्ष और कुछ वर्ग विशेष के नुमाइंदों ने सरकार के प्रत्येक विकास के कार्य को सांप्रदायिक और सियासी मुद्दा बनाने की कुत्सित मानसिकता बना ली है। हाल ही में हमने नये संसद भवन के उद्घाटन, पवित्र सेंगोल और राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा जैसे प्रकरणों में कई कुतर्कों और दुर्भावनाओं के विष वमन को झेला है। यही संकीर्ण मानसिक प्रवृत्ति अन्य छोटे-बड़े विकास कार्यों को भी सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश करती रहती है। दिल्ली में एक सुनहरी मस्जिद है। यह लुटियन जोन में सड़क के बीचों-बीच गोल चक्कर में स्थित है। कभी इस गोल चक्कर को 'हकीम जी का बाग' भी कहा जाता था। इस छोटे से बाग में सुनहरी मस्जिद खड़ी है। इसके चारों तरफ दिन-रात ट्रैफिक चलता है।

नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सुनहरी मस्जिद को हटाना चाहती है। एनडीएमसी के चीफ आर्किटेक्ट ने हाल ही में दिए एक विज्ञापन में जनता से इस मस्जिद को हटाने पर अपने सुझाव और आपत्तियां मांगी थी। विज्ञापन आने से भूचाल आ गया। राजनेताओं से लेकर मौलानाओं ने इस मस्जिद को हटाने का विरोध किया। इसके विरोध में दिल्ली उच्च न्यायालय में दो याचिका भी दायर हुई। एक याचिका में तो इसे दिल्ली वक्फ बोर्ड की जमीन पर बने होने का दावा भी किया है, जबकि एनडीएमसी ने हलफनामा देकर कहा है कि ये एनडीएमसी की जमीन है। सोशल मीडिया पर भी इसका हर तरह से विरोध किया जा रहा है। हैरत की बात है कि हर कोई जानता है कि इस मस्जिद की वजह से अकसर वहां ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है और जुमे के दिन यहां नमाजियों की अच्छी खासी भीड़ रहती है। लेकिन इसे एक सांप्रदायिक मुद्दा बनाया जा रहा है और यह आरोप लगाया जा रहा है कि ये सब किसी एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिए किया जा रहा है। जबकि सच तो यह है की पिछले पांच साल में इसी वर्तमान सरकार ने विकास कार्यों के लिए अनगिनत मंदिरों को तोड़ कर सड़कें चौड़ी करवाई और निर्माण कार्य करवाए जिससे ट्रैफिक की समस्या में लाभ भी हुआ। लेकिन ये सब न इतनी प्रमुखता से मीडिया में आता और न ही यह सब कभी विस्तृत चर्चा का विषय बनता है। शायद मंदिरों को तोड़ कर ट्रैफिक की समस्या का हल निकालने को सकारात्मक रूप से देखा जाता है और जबकि यह बात दूसरी ओर लागू नहीं होती।

इस मस्जिद को दिल्ली सरकार की 2009 की अधिसूचना के अनुसार ग्रेड-3 विरासत भवन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। आपको यह जान कर अचरज होगा की 2009 की अधिसूचना के तहत, विरासत संरक्षण समिति की सलाह पर नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष ने 141 विरासत स्थलों को शामिल किया था। अचरज वाली बात यह है कि 141 स्थलों में से 51 मस्जिदें और मकबरे हैं और केवल दो मंदिर हैं, जिन्हें विरासत स्थलों में शामिल किया है। अगर आप दिल्ली एकीकृत भवन निर्माण उपविधि 2016, के अनुलग्नक-'' में क्लॉज 1.5 को पढ़ें तो साफ समझ आता है की इन स्थलों को विरासत स्थलों की सूची में सुझाव देने से लेकर स्थान देने तक का जिम्मा सरकार का है। इस सूची को तैयार करके जून 2005 में सार्वजनिक किया गया था, जब यहां कांग्रेस की तथाकथित पंथनिरपेक्ष सरकार थी। उसके बाद अक्टूबर 2009 में ये सब स्थल इस सूची में शामिल किए गए। अब प्रश्न यह है की 2009 में जब ये सूची तैयार की गई तब केवल एक समुदाय के स्थलों के प्रति इतना झुकाव क्यों? माना दिल्ली में 12वीं शताब्दी से मुसलमान शासकों का राज रहा है। पहले दिल्ली सल्तनत और फिर उसके बाद मुगल परंतु दिल्ली का इतिहास इससे भी पुराना है। दिल्ली पांडवों, मौर्यों, तोमरों और चौहानों के अधीन रही है। क्या इसकी सांस्कृतिक विरासत में केवल मस्जिद और मकबरे ही आते हैं? और न के बराबर मंदिर? क्या इसके अलावा इसका कोई इतिहास नहीं? या उसको खोजने से या इन सूचियों में स्थान देने से आप ये न भूल जाएं कि दिल्ली के इतिहास का अर्थ है केवल मुसलमान शासकों का शासन। दिल्ली का नाम सुनते ही आपके दिमाग में जो छवि बनती है वो यही तो बनती है। इसका कारण यह है हमें इतिहास में पढ़ाया ही यही गया है। इसे मनोविज्ञान में इंडॉक्ट्रिनेशन कहा जाता है जब किसी व्यक्ति के दृष्टिकोण को बहुत ही सूक्ष्म तरीके से बदला जाता है।

रोमिला थापर जैसे इतिहासकार इसी इंडॉक्ट्रिनेशन के सहारे भारत के लोगों के दिमाग को भरमाते है। हम लोग बिना इस बात का विश्लेषण किए कि हमें ऐसा इतिहास या कहानी क्यूं सुनाई जा रही हैं , इसी को सच मान लेते है। ये भूल जाते हैं कि इस कहानी के पीछे की क्या राजनीति है। इन्हीं कहानियों ने देश के युवा को भरमाया है। उसे अपनी संस्कृति और धर्म से दूर किया है। यह सर्वविदित है कि पूर्व की तथाकथित पंथनिरपेक्ष सरकारों ने एक विशेष वर्ग के वोट बैंक को ध्यान में रखते हुए , कई कानूनी दांव-पेंच खेले हैं और यह उनके कई कार्यों में दिखाई देता है, जैसे कि सांस्कृतिक विरासत की सूची, कम्युनल वायलेंस बिल, वक्फ बोर्ड को दिये कई अधिकार इत्यादि। जिस तरह से एनडीएमसी द्वारा सुझावों को आमंत्रित किया गया है, वो भी एक विडंबना है। क्या एनडीएमसी के पास ऐसे संसाधन हैं, जिनसे वो एक निश्चित समय में बहुत ही बारीकी से सुझावों, उनकी गुणवत्ता और स्रोतों की विश्वसनीयता को सत्यापित कर सके? इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस दौर में नकली ई-मेल और ट्विटर अकाउंट बनाना क्या इतना मुश्किल है? यह भी सत्य है कि 80-90 फीसदी मामले बातचीत और आपसी सहमति से सुलझाने की कोशिश होती है और कई कोशिशें नाकामयाब हो जाती हैं। वर्ष 2015 में जयपुर में कुल 13 प्राचीन मंदिरों को मेट्रो रेल परियोजना के लिए तोड़ा गया था। इसमें रोजगारेश्वर महादेव और कष्ट हरण महादेव जैसे प्राचीन मंदिर भी थे। ये निर्णय मंदिर समिति की सहमति से लिए गए थे और वैकल्पिक व्यवस्था की भी बात हुई थी। गुजरात में भी बस रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम (बीआरटीएस) के निर्माण के दौरान कई मंदिरों को तोड़ा या विस्थापित किया गया। ऐसे ही कोलकाता में हवाईअड्डे के विस्तार के समय में एक मस्जिद, जिसकी ऊंचाई 25 मीटर थी उसे हटाने के लिए हवाईअड्डा प्राधिकरण 1986 से प्रयासरत था। मस्जिद दूसरे रन-वे के उत्तरी छोर से 200 मीटर की दूरी पर थी।

# है आपकी अदाओं से गिरगिट भी शर्मसार




निर्मल रानी

नितीश कुमार बिहार की राजनीति के लिये कितना ही प्रासंगिक क्यों न रहे हों परन्तु उनके राजनैतिक जीवन का हासिल यही है कि उन्हें मीडिया ने 'पलटी मार' या 'पल्टूराम' का खिताब दे डाला है। नौ बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले नितीश कुमार अलग अलग अवसरों पर कभी यू पी ए समर्थित मुख्यमंत्री बने तो कभी भाजपा व एन डी ए समर्थित तो कभी कांग्रेस आर जे डी के साथ महागठबंधन बनाकर। दुर्भाग्यवश डॉ राजेंद्र प्रसाद,जय प्रकाश नारायण व कपूरी ठाकुर की कर्मभूमि वाले इसी राज्य में सत्ता से चिपके रहने में महारत रखने वाले नेता राम विलास पासवान को भी राजनीति का 'मौसम वैज्ञानिक' कहा जाता था। कहने को तो यह नेता स्वयं को धर्मनिरपेक्ष राजनीति का पैरोकार बताते हैं परन्तु महज सत्ता की मलाई खाने के लिये इन नेताओं ने साम्प्रदायिक शक्तियों से हाथ मिलाने में कभी परहेज नहीं किया। आज देश में दक्षिणपंथियों का जो विस्तार देखने को मिल रहा है उसमें देश के ऐसे तमाम 'गिरगिटों ' की भी अहम भूमिका है जिन्होंने सिर्फ और सिर्फ सत्ता की खातिर बार बार अपने जमीर का सौदा किया। परन्तु पिछले दिनों जिन परिस्थितियों में और जिस समय नितीश कुमार ने आर जे डी-कांग्रेस का साथ छोड़ एक बार फिर भाजपा के साथ मिलकर मुख्यमंत्री पद की शपथ नौवीं बार ली है, उनके इस अप्रत्याशित कदम ने उन्हें पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। आश्चर्य की बात तो यह है कि कहाँ तो नितीश कुमार के ही प्रथम प्रयास से कठ.ऊकअ गठबंधन वजूद में आया। नितीश की पहल पर ही 23 जून 2023 को 18 विपक्षी दलों की सबसे पहली बैठक पटना में ही हुई थी। यहाँ तक कि उन्हें कठ.ऊकअ गठबंधन का संयोजक तक बनाने की चर्चा चली परन्तु अचानक ऐसा क्या हुआ कि उन्हें 'राजनैतिक व वैचारिक धर्म परिवर्तन ' के लिये मजबूर होना पड़ा ? कहां तो अगस्त 2022 में एनडीए से अलग होने के बाद नीतीश कुमार यह कहते फिर रहे थे -कि वे मर जाना पसंद करेंगे लेकिन भाजपा के साथ लौटना पसंद नहीं करेंगे। उन्होंने एनडीए से अलग होते समय भाजपा पर जेडीयू को कमजोर करने का आरोप भी लगाया था। उधर भाजपा की तरफ से भी



गृह मंत्री अमित शाह का उसी समय बयान आया था कि नीतीश कुमार के लिए एनडीए के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो चुके हैं। परन्तु इन सभी 'कथनों' को दरकिनार करते हुये दोनों ने ही एक दूसरे से हाथ मिला लिया ? हालांकि जे डी यू के कुछ नेताओं की तरफ से इस घटनाक्रम का दोष कांग्रेस पर मढ़ने की हास्यास्पद कोशिश की जा रही है। परन्तु दरअसल इस बार का पाला बदल नितीश कुमार पर बदनामी के साथ साथ अवसरवादिता की पराकाष्ठा की भी छाप छोड़ जायेगा। आर जे डी के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी तो यहाँ तक कहते हैं कि ह्लनीतीश के बारे में राजनैतिक विशेषज्ञ कुछ नहीं बता सकता बल्कि उनके बारे में तो 'मनोचिकित्सक' ही बता सकता है। नीतीश ने तो स्वयं ही विपक्ष के लोकतंत्र बचाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए थे। उन्हें तो शर्म आनी चाहिए, यह धोखा देना है। यदि उन्हें कोई शिकायत थी तो वे बात कर सकते थे। ह्लजबकि कांग्रेस ने नीतीश कुमार पर धोखा देने और रंग बदलने का आरोप लगाया है। परन्तु कुछ राजनैतिक विश्लेषक इस पूरे नाटकीय घटनाक्रम के पीछे कुछ और ही वजह बता रहे हैं। कहा जा रहा है कि ह्लजेडीयू के नेताओं व उनके निकट सहयोगियों पर जांच एजेंसियों का कसता शिकंजा इसकी प्रमुख वजह है। मिसाल के तौर पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गत वर्ष सितंबर में जेडीयू विधान पार्षद राधाचरण सेठ की मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में हुई गिरफ़्तारी। बाद में पिछले ही साल नीतीश कुमार के एक और निकट सहयोगी जेडीयू विधायक और मंत्री विजय चौधरी के साले अजय सिंह उर्फ कारू सिंह के आवास पर आयकर विभाग की छापेमारी,जेडीयू के करीबी माने जाने वाले एक और ठेकेदार गब्बू सिंह के ठिकानों पर आयकर विभाग द्वारा की गयी छापेमारी, बेगूसराय में बिल्डर कारू सिंह के आवास पर की गयी छापेमारी आदि केंद्र सरकार के ऐसे शिकंजे थे जिनके बाद यह संभावना बढ़ने लगी थी कि अब यह जांच नीतीश कुमार के कुछ करीबी अधिकारियों तक भी पहुँच सकती है। माना जा रहा है कि नीतीश के मन में भी यह डर जरूर रहा होगा कि कहीं इन्हीं मामलों में अब उनसे भी पूछताछ न शुरू हो जाए? वैसे भी दुनिया देख रही है कि भाजपा से मुखालिफत की क्या कीमत लालू यादव व उनके परिवार के लोगों को चुकानी पड़ रही है। जबकि ठीक इसके विपरीत हिमन्त बिश्व शर्मा और अजित पवार जैसे लोग जोकि भाजपा विरोधी होने के समय कभी विपक्ष के भ्रष्ट नेताओं की सूची में सबसे ऊपर हुआ करते थे वही सत्ता के समक्ष दंडवत करने के बाद अब किस तरह सत्ता सुख भोग रहे हैं ? इसलिये नितीश कुमार के पाला बदल का ताजातरीन खेल किसी राजनैतिक मजबूरी या किसी सहयोगी विपक्षी दल से लगी ठेस के कारण नहीं बल्कि स्वयं को सत्ता में 'सुरक्षित' बनाये रखने के मकसद से खेला गया है। यहां एक बार फिर कांग्रेस नेताओं की दूरदर्शिता को स्वीकार करना पड़ेगा कि उन्होंने नितीश की इच्छानुसार उन्हें कठ.ऊकअ गठबंधन का संयोजक नहीं बनने दिया। अन्यथा यही स्थित यदि नितीश के कठ.ऊकअ गठबंधन के संयोजक के रूप में सामने आती फिर तो शर्तिया तौर पर कठ.ऊकअ गठबंधन का जनाजा ही निकल गया होता? वैचारिक रूप से भी नितीश का इस समय भाजपा से गलबहियां करने का कोई औचित्य नहीं था। क्योंकि जाति जनगणना जैसे संवेदनशील विषय पर भाजपा जे डी यू आमने सामने थे। जबकि नितीश तो जाति जनगणना को लेकर इतने उतावले थे कि उन्होंने आनन फानन में बिहार में जाति जनगणना भी करा डाली। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिये जाने जैसी नितीश कुमार की महत्वपूर्ण मांग आजतक भाजपा ने पूरी नहीं की। ऐसे में यदि नितीश को जांच का भय नहीं था तो आखिर क्या वजह थी कि उन्होंने 'रंग बदलने' के अपने ही कीर्तिमान को फिर से तोड़ दिया ? क्या ऐसे अवसरवादी, सिद्धांतविहीन, सत्ता चिपकू व स्वार्थी राजनीतिज्ञों को भारतीय राजनीति के आदर्श नेताओं में गिना जा सकता है ? या यह कहा जाये कि नितीश जी- है आपकी अदाओं से गिरगिट भी शर्मसार।

# भविष्य के सुनहरे परिदृश्य दिखाये अंतरिम बजट



ललित गर्ग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूसरे कार्यकाल के अन्तिम अंतरिम बजट की घोषणाओं से भविष्य में राष्ट्र किन दिशाओं में आगे बढ़ेगा, उसकी मंशा एवं दिशा अवश्य स्पष्ट होगी। भले अंतरिम बजट की अपनी सीमाएं होती हो, ऐसे बजट में किसी नई योजना को लागू नहीं किया जाता हो, फिर भी आगामी लोकसभा चुनाव एवं अर्थव्यवस्था को बल देने की दृष्टि एवं राह इस बजट में दिखेगी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से यह बजट दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला होगा। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया जायेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति दी जायेगी। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा।

सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था को पटरी पर तेज दौड़ाने की दृष्टि से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत होने वाला अंतरिम बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय होगा क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। बुनियादी ढांचागत विकास को प्राथमिकता देने के लिये हमें मौजूदा सरकार की सराहना करनी ही चाहिए। आर्थिक वृद्धि को आवश्यक आधार प्रदान करने के साथ ही बुनियादी ढांचागत परियोजनाएं रोजगार सृजन के दृष्टिकोण से भी आवश्यक होती है। मोदी के विजन में जहां ह्लहर हाथ को कामह्न का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्न का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। श्रम शक्ति की ओर ज्यादा तवज्जों देने की जरूरत है। जीडीपी देश के आम नागरिकों की समृद्धि का पैमाना नहीं है। जिस पैमाने से देश के आम लोगों की समृद्धि मापी जाती है उसे प्रति व्यक्ति आय कहते हैं। इसमें दिहाड़ीदार मजदूर, कामकाजी लोग, महिलाओं की स्थिति से लेकर औद्योगिक घराने की कमाई तक सब शामिल रहते हैं। बहुत सारे लोग औसत से अधिक कमाते हैं और बहुत सारे लोग कम। देखना यह है कि आम आदमी को कितना लाभ पहुंचता है। उम्मीद है कि निर्मला सीतारमण के अंतरिम बजट से क्या-क्या निकलता है।





निश्चित ही यह बजट चुनावी बजट भी है। इंडिया गठबंधन में टूट-फूट के चलते भाजपा की चुनावी संभावनाएं कहीं अधिक बेहतर एवं उजली नजर आ रही है। अनुकूल चुनावी संभावनाओं के चलते अंतरिम बजट में ऐसे कदम उठाए जाने आवश्यक है, ताकि भारतीय अर्थव्यवस्था को बल मिले। यह उल्लेखनीय एवं संतोष का विषय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। अंतरिम बजट से पहले सरकार की ओर से रविवार को जारी की गई रिपोर्ट ह्लइंडियन इकॉनमी- अ रिव्यूह्न में यह उम्मीद जताई गई है कि भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बन जाएगा। रिपोर्ट में इसे हासिल होने लायक लक्ष्य बताते हुए उन चीजों का जिक्र किया गया है, जो इसे मुमकिन बना सकते हैं। अंतरिम बजट में इसके लिये सकारात्मक नजरिये को बल मिलना ही चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार इस बात की गारंटी दे रहे हैं कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। भारत फिलहाल दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। वैश्विक वित्तीय संस्थान मॉर्गन स्टेनली ने भी ऐसी ही भविष्यवाणी की थी।

हर आम बजट से पहले आर्थिक सर्वे सरकार के द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। अंतरिम बजट के कारण यह आर्थिक सर्वे नई सरकार बनने के बाद पेश किए जाने वाले पूर्ण आम बजट से पहले आएगा लेकिन वित्त मंत्रालय ने अर्थव्यवस्था की चमकदार तस्वीर पेश करते हुए रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट मुख्य आर्थिक सलाहकार के कार्यालय के अधिकारियों द्वारा तैयार की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश की अर्थव्यवस्था 10 वर्ष में पांचवें नम्बर पर पहुंच गई है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि अगले तीन साल में देश की अर्थव्यवस्था तीसरे नम्बर पर पहुंच जाएगी और 2030 तक अर्थव्यवस्था 7 ट्रिलियन की हो जाएगी। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के आकार का मानक उस देश की जीडीपी होती है और बीते 10 वर्षों में भारत की जीडीपी ने तेज उछाल दर्ज की है। तमाम चुनौतियों को पार करते हुए अर्थव्यवस्था 7 फीसदी से अधिक विकास दर से दौड़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार 2025-26 में भी 7 फीसदी ग्रोथ का अनुमान लगाया गया है। घरेलू मांग लगातार बढ़ रही है और इसके साथ-साथ सरकारी निवेश और निजी निवेश भी बढ़ा है। अर्थव्यवस्था के सभी संकेत अच्छे हैं। अगर यही गति बनी रही तो 2047 तक भारत विकसित देश बनने का लक्ष्य हासिल कर लेगा। तमाम तरह की अनुकूलताओं एवं गुलाबी अर्थ रंगों के बावजूद हमें आर्थिक गति की बाधाओं पर भी ध्यान देना होगा। तेज विकास दर के बावजूद रोजगार के मोर्चे पर खास प्रगति नहीं हुई है। आज भी युवा बेरोजगारी का स्तर 40 फीसदी तक बताया जाता है। यह स्थिति गंभीर इसलिए भी है कि यह तेज विकास दर के फायदों को सीमित करती है। एक बड़ी चुनौती यह भी है कि निजी पूंजी निवेश में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। कोविड-19 के बाद विकास दर में जो बढ़ोतरी देखने को मिली और इकॉनमी नए सिरे से उठ खड़ी हुई उसके पीछे सरकार द्वारा किए गए निवेश की ही प्रमुख भूमिका रही है। लेकिन निजी बचत को बढ़ाये बगैर विकास की तेज रफ्तार का टिके रहना मुश्किल होगा। इसलिए इस ओर अभी से ध्यान देना जरूरी है। कृषि क्षेत्र के प्रदर्शन में गिरावट लगातार चिंता की बात बनी हुई है। खराब मॉनसून की वजह से पिछली तिमाही (जुलाई-सितंबर) में कृषि क्षेत्र की ग्रोथ घटकर 1.2 फीसदी पर आ गई, जो उससे पहले की तिमाही (अप्रैल-जून) में 3.5 फीसदी थी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में खपत कमजोर होने की एक वजह यह भी है। श्रम-शक्ति में महिलाओं की कम भागीदारी आर्थिक ही नहीं सामाजिक और अन्य दृष्टियों से भी चिंता की बात है। इस मामले में हम पड़ोस के बांग्लादेश और पाकिस्तान से भी पीछे हैं। ध्यान रहे, विश्व बैंक का कहना है कि महिलाओं की कार्य-शक्ति में भागीदारी बढ़ाकर ग्रोथ रेट में 1.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी की जा सकती है।

एक फरवरी को होने वाली आर्थिक घोषणाओं को चाहे तो नाम दिया जाये, उनसे वह दशा एवं दिशा स्पष्ट होनी चाहिए कि भविष्य के लिये हम कौनसी राह पकडने वाले हैं। हम किस तरह से आदिवासी समुदाय के उन्नयन के लिये प्रतिबद्ध होंगे। भारत की अर्थव्यवस्था के उन्नयन एवं उम्मीदों को आकार देने की दृष्टि से हम किस तरह से मील का पत्थर साबित होंगे। किस तरह से समाज के सभी वर्गों का सर्वांगीण एवं संतुलित विकास सुनिश्चित होगा। इससे देश की अर्थव्यवस्था का जो नक्शा सामने आयेगा वह इस मायने में उम्मीद की छांव देने वाला साबित होगा, जिससे शहर एवं गांवों के संतुलित विकास पर बल मिल सकेगा। अंतरिम बजट अपनी सीमितता के बावजूद अर्थव्यवस्था में नयी परम्परा के साथ राहत की सांसें दे सकेगा जिससे नया भारत- सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प भी बलशाली बन सकेगा। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी। अक्सर बजट में राजनीति, वोटनीति तथा अपनी व अपनी सरकार की छवि-वृद्धि करने के प्रयास ही अधिक दिखाई देते है लेकिन मोदी सरकार के बजट या अंतरिम बजट राजनीति प्रेरित नहीं होकर राष्ट्र प्रेरित रहे है।

# खड़गे का बयान और कांग्रेस की हताशा



आशीष वशिष्ठ

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 29 जनवरी को भुवनेश्वर में थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा- ह्ल2024 लोकसभा चुनाव लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका होगा। अगर इस चुनाव में भाजपा जीती तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस देश में दोबारा चुनाव नहीं होने देंगे। वे एक तानाशाह की तरह इस पर रोक लगाएंगे ह्न कांग्रेस अध्यक्ष के बयान से देश की सबसे पुरानी और सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली पार्टी की हताशा, निराशा और पराजय स्पष्ट झलकती है। कांग्रेस अध्यक्ष जब यह कहते हैं कि मोदी दोबारा सत्ता में आए तो कोई चुनाव नहीं होगा। आपके पास मतदान का आखिरी मौका है। ऐसा बयान देते समय शायद खड़गे अपनी ही पार्टी का चरित्र, आचरण, कृत्य और इतिहास भूल जाते हैं। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में लगभग छह दशक कांग्रेस ने देश की सत्ता को संभाला। इस कालावधि में उसने लोकतंत्र को कमजोर और कलंकित करने के एक नहीं कई काम किये। कांग्रेस सरकार की तानाशाही रवैये और व्यवहार के किस्सों की भी कोई कमी नहीं है। कांग्रेस ने 25 जून, 1975 को देश को इमरजेंसी के दलदल में धकेल दिया। इस दौरान कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया। रातों रात लोगों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए। कांग्रेस ने न सिर्फ विपक्षी दलों के नेताओं बल्कि सच के साथ खड़े पत्रकारों का भी दमन किया। विरोध की आवाज को दबाने के लिए पूरे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया। बड़े मीडिया संस्थानों तक के संपादकों को गिरफ्तार किया जा रहा था, उन पर पाबंदियां लगाई जा रही थीं। अलोकतांत्रिक रूप से बाबा साहब के संविधान में संशोधन किया गया। कांग्रेस ने संवैधानिक संस्थाओं को भी कमजोर किया। खड़गे को याद करना चाहिए कि, मीसा कानून कौन लेकर आया था? मीसा में आपातकाल के दौरान कई संशोधन किए गए और इंदिरा गांधी की निरंकुश सरकार ने इसके जरिए अपने राजनीतिक विरोधियों को कुचलने का काम किया। इंदिरा सरकार की अमानवीयता का आलम यह था कि दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इलाकों में नसबंदी से इनकार करने वाले लोगों पर अत्याचार किया गया। पुलिस की गोलीबारी में कई लोग मारे गए। महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलने की बातें करने वाली कांग्रेस को उनके विचारों से भी डर लगने लगा था। उस समय इंदिरा गांधी ने किशोर कुमार के गानों को बैन कर दिया था। आपातकाल थोपने वाली कांग्रेस के काले कारनामों के बारे में जानकर हर कोई सन्न रह जाता है। केंद्र में विपक्ष में बैठी कांग्रेस लोकतंत्र की दुहाई देती है। लेकिन उसके शासित राज्यों में जिस तरह विपक्ष और मीडिया का दमन किया जाता है, उससे कहा जाता है कि समय बदल गया है, लेकिन कांग्रेस की आपातकालीन मानसिकता नहीं बदली है, वो आज भी जारी है। लोकतंत्र की दुहाई देने वाले कांग्रेस के नेता शायद भूल गए कि राजीव गांधी के जमाने में एक अखबार ने कुछ खिलाफ लिखा, तो उनके विरुद्ध ही मामला दर्ज कर दिया गया और संस्थान की बिजली तक काट दी गई थी। टेलीग्राफ एक्ट कौन लेकर आया था... ? राजीव गांधी के जमाने में ही टेलीग्राफ एक्ट आया था, जिसके तहत सरकार आम लोगों के पत्र पढ़ सकती थी और कार्रवाई कर सकती थी। पीवी नरसिंहाराव ने पैसे देकर सरकार बनाई, कोर्ट में साबित हो गया था। लोकसभा का कार्यकाल इंदिरा गांधी ने बढ़ाया था। जब कांग्रेस नेता ह्लइंडिया इज इंदिरा, इंदिरा इस इंडियाह्न का नारा लगाते थे तो क्या उन्हें इस नारे में तानाशाही की बू नहीं आती थी? अनुच्छेद 356 का कांग्रेस ने किस तरीके से उपयोग किया है, ये काफी दिलचस्प है। कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान अनुच्छेद 356 का प्रयोग करते हुए 91 बार गैर कांग्रेसी सरकारों को हटाने का काम किया। पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने एक बार भी अनुच्छेद 356 का प्रयोग नहीं किया। बीते पांच छह सालों में कांग्रेस शासित राज्यों में तानाशाही की वारदात और करतूतें देशवासियों को याद हैं। राहुल गांधी की आलोचना करने पर कॉलेज के प्रोफेसर को बर्खास्त किया गया। राजीव गांधी के बारे में लिखने पर युवा भाजपा नेता तेजिंदर सिंह बग्गा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। राहुल गांधी ने न्यायपालिका और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। सोनिया गांधी का बचपन का नाम लेने पर पत्रकार अर्णब गोस्वामी को गिरफ्तार कर उत्पीड़न किया गया। राहुल गांधी ने वीर सावरकर जैसे स्वतंत्रता सेनानी का अपमान किया। सोनिया और राहुल गांधी पर विज्ञापन देने वाली कांपनी के दफ्तर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ की। लोकतंत्र की दुहाई देने वाली कांग्रेस अपने इन कर्मों को किस श्रेणी में रखेगी? इंडी गठबंधन जिसमें कांग्रेस प्रमुख घटक दल है, ने 2023 में एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए उन 14 टीवी एंकरों की एक सूची जारी की है, जिनके प्रोग्राम में उनका प्रतिनिधि नहीं जाएगा। ये जगजाहिर है कि टीवी एंकरों का बहिष्कार करने के पीछे पूरी रणनीति कांग्रेस की थी। गैर भाजपाशासित राज्यों में विपक्ष के राजनीतिक दलों के नेताओं-कार्यकताओं, पत्रकारों और आम जनता के साथ सरकारी तंत्र जिस तानाशाही रवैये से पेश आ रहा है, वो किसी से छिपा नहीं है। कांग्रेस के अलावा कई अन्य दल भी मोदी सरकार पर तानाशाही के आरोप जड़ते हैं। लेकिन उनके पास एक भी ऐसा उदाहरण नहीं जिससे वो साबित कर सकें कि मोदी सरकार ने कौन सा ऐसा काम किया है, जो तानाशाही की श्रेणी में आता है। या जिससे लोकतंत्र का गला घुटा हो। मोदी सरकार के हर निर्णय पर विपक्ष को ऐसा लगता है कि लोकतंत्र की हत्या हो गई है, लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है, या फिर लोकतंत्र खतरे में है। वास्तव में उन्हें विरोध के लिए विरोध करना है। उनके हाथ में न कोई मुद्दा है और न ही जनसमर्थन और जनविश्वास उनके साथ है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि सामान्य आंतरिक आलोचना विरोध भले ही हो, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, जापान जैसे सम्पन्न शक्तिशाली देश भारत के लोकतंत्र और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना कर अंतरराष्ट्रीय शांति तथा विकास में महत्वपूर्ण भूमिका मान रहे हैं। चीन तक ने भारत की आर्थिक शक्ति को स्वीकारा है। इसका एक बड़ा कारण भारत में सरकार का स्थायित्व और बढ़ती जागरुकता, सामाजिक, आर्थिक, सामरिक ताकत है। राजनीतिक विरोध का स्तर इतना गिर चुका है कि संविधान की शपथ लिए हुए कुछ नेता सड़क पर धरना-आंदोलन और संसद द्वारा पारित कानून के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के जरिये जनमत संग्रह तक की शर्मनाक मांग करने लगे हैं?

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक कालूराम मेघवाल के मुख्य आतिथ्य में विद्यालय में आयोजित हुआ साईकिल एवं यूनिफॉर्म वितरण कार्यक्रम



**चमकता राजस्थान। चौमहला (रमेश मोदी)** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को निःशुल्क सायकल एवं स्कूल यूनिफार्म वितरण समारोह विधायक कालूराम मेघवाल के मुख्य आथित्य में सम्पन्न हुवा ।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया विद्यालय परिवार की और से अतिथि देवो भवः परम्परा का निर्वहन करते हुवे मुख्य अतिथि सहित मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा गीत, नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। प्रधानाचार्य आफताब अहमद खान ने विधायक को शाला में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का पद रिक्त होने कमरों की कमी ,आदि समस्याओं से अवगत कराया ,जिस पर विधायक कालूराम मेघवाल ने विधायक कोष से पाँच लाख की राशि टिनशेड कमरों के लिए देने की घोषणा की व अन्य समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया,विधायक ने अपने संबोधन में कुशल प्रबंधन विद्यालय में साफ सफाई की सराहना की,अंत मे कक्षा एक से आठवीं तक की 190 छात्राओं को स्कूल यूनिफॉर्म व साईकले वितरित की गई कुल 292 सायकल का वितरण किया गया ।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गोतम जैन,पूर्व प्रधान प्रतिनिधि डूंगर सिंह परमार,भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश भावसार,जिला मंत्री करण सिंह,महामंत्री आदित्य कटारिया,भूपेंद्र सिंह, अशोक गायरी,वासुदेव विश्वकर्मा, भेरूलाल मेहरा भगवान सिंह,राजेश जैन,संजय राठौर, सचिन कटारिया,दानु सिंह,दुर्गेश अग्रवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी गणमान्य नागरिक व विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम में सफल मंच संचालन शिक्षिका ललिता भाटी ने किया ।

### हिंडौन विधायक अनीता जाटव का क्षेत्रवासियों ने किया सम्मान, दी जीत की बधाई



**चमकता राजस्थान। भुसावर,(राजवीर सिंह)** हिंडौन विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की नवनिर्वाचित विधायक अनीता जाटव का भुसावर क्षेत्र में आज गुरुवार को कार्यकर्ताओं एवं युवाओं एवं बुजुर्गों ने द्वारा माला पहनाकर, शॉल उड़ाकर एवं साफा पहना कर और मिठाई खिलाकर जीत की शुभकामनाएं एवं बधाई देने लोगों का सैलाब सैलाब उमड़ पड़ा। वही भीम आर्मी के भुसावर तहसील अध्यक्ष राजू भाई ने जानकारी देते हुए बताया कि हिंडौन विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनीता जाटव का सम्मान हिंडौन जाते समय भुसावर कस्बे की पुरानी अनाज मंडी में मनोनीत पार्षद नवनीत गर्ग, समाजसेवी विष्णु सेन, हरीश अरोड़ा, हरि पंजाबी सहित अनेक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने और बुजुर्गों ने विधायक अनीता जाटव को माला,शॉल ओढ़ाकर, साफा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर जीत की शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। वही विधायक अनीता जाटव ने कहा कि यह मेरी जीत नहीं पूरे विधानसभा क्षेत्र की एवं प्रत्येक कार्यकर्ता और जनता जनार्दन की जीत है।

### अजरौदा में ग्रामीणों की काफी कोशिश के बावजूद भी प्रशासन नहीं हटा पाया चारागाह भूमि से अतिक्रमण

- एसडीएम व तहसीलदार के खिलाफ की नारे बाजी



**चमकता राजस्थान।** वैर (राजवीर सिंह) लंबे समय से उपखंड वैर के गांव अजरौदा के ग्रामीणों द्वारा 161भूमि चरागाह से दबंग लोगों द्वारा कब्जा किये जाने को लेकर प्रशासन से मांग करने के बावजूद भी नहीं हटा पाया ।जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है, यहां तक की गुस्साए ग्रामीणों ने एसडीएम, तहसीलदार के खिलाफ जम कर नारे बाजी की ओर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। ग्रामीणों का कहना है कि गांव अजरौदा में 161 बीघा चरागाहभूमि है जो कि गांव के पशुओं को चराने के काम आती है एवं किसानो की फसलों के समय आवारा जानवरो को इस चरागाह भूमि में छोड़ दिया जाता है। जिससे आवारा जानवर किसान की खेती में नुकसान नहीं कर पाते है। लेकिन कुछ दवंग लोगों द्वारा चरागाह भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर उस में ×फसल बुवाई का कार्य किया गया है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने कई बार तहसीलदार, पटवारी, एसडीएम को शिकायत की गई लेकिन आज तक न तो कब्जाधारीओ के खिलाफ कोई कार्यवाही की ना ही चरागाह भूमि से अवैध कब्जे को हटा पाए। जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है ।गुस्साए ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन एवं एसडीएम तहसीलदार के खिलाफ जम कर नारे बाजी की एवं भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए।

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत का रूपनगढ़(अजमेर) में हुआ भव्य स्वागत एवं नागरिक अभिनंदन

# सामुदायिक चिकित्सालय में किया 98 लाख के विकास कार्यों का शुभारंभ

चमकता राजस्थान





**किशनगढ़ !(शंकर शर्मा)** किशनगढ़ के निकट रूपनगढ़ उपखंड मुख्यालय पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत का गुरुवार को रूपनगढ़ की जनता के द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया। रूपनगढ़ स्थित अटल चौक पर जनसुनवाई कर आमजन के अभाव अभियोग सुने। इसके साथ ही रावत ने सामुदायिक चिकित्सालय में विकास कार्यों का शुभारंभ किया।जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया है। इसे आगे बढ़ाते हुए रुपनगढ़ के सामुदायिक चिकित्सालय में सोनोग्राफी मशीन तथा मॉड्यूलर लेबर रुम के आरंभ होने से उपचार में आसानी रहेगी। मॉड्यूलर लेबर रूम के निर्माण में लगभग 50 लाख की लागत आई है। यह लेबर रूम अभी तक की सबसे एडवांस तकनीक से बना है। इसमें किसी प्रकार के जोईंट का उपयोग नहीं किया गया है। इस कारण संक्रमण का खतरा नहीं रहेगा। संपूर्ण उपकरण भी जीवाणु रोधी है। इसी प्रकार लेबर रूम का फर्श भी जीवाणु रोधी एवं एंटीस्लिपरी बनाया गया है। इसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा। लेबर रूम में डिलीवरी टेबल पूरी तरह से मोटराइज्ड तथा अत्याधुनिक है। इसका रेडिएंट वार्मर नवजात शिशुओं के लिए जीवनदाई होगा। बच्चों के जन्म लेने पर आने वाली सांस की समस्या को रोकने में रिशेष मशीन कारगर साबित होगी। मेडिकल गैस पाइपलाइन भी लगाई गई है। कंपनी द्वारा अगले 3 वर्ष तक इसका रखरखाव करने से कभी खराब होने की स्थिति में तुरंत ठीक की जा सकेगी। इसके साथ ही उपखंड की प्रसुताओ के लिए गायनिक चिकित्सक भी लगा दी गई है, जिससे उपखंड क्षेत्र की प्रसुताओ को काफी राहत मिलेगीउन्होंने कहा कि सोनोग्राफी मशीन लगभग 40 लाख की लागत से स्थापित हुई है। इससे मरीज का फुल बॉडी चैकअप किया जा सकेगा। साथ ही शरीर के छोटे अंगों, ग्रंथियां एवं नसों की जांच भी हो पाएगी। पेट की बीमारियों की जांच के लिए सुविधा रूपनगढ़ में ही उपलब्ध होने से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। ये दोनों कार्य डीआर हेल्थ टेक ने निर्धारित समय अवधि में पूर्ण किए हैं। इसके लिए साइट इंजीनियर ऋषि राज सिंह भी बधाई के पात्र हैं। स्त्री रोग एवं ओबीएस जांच की सुविधा भी है। 8 लाख की कार्डियोटॉक्सिक मारकर मशीन भी श्री रावत द्वारा लगवाई गई। कैंसर जैसी बीमारी की जांच करने में भी यह मशीन सक्षम है। एडवांस तकनीक होने से कलर डॉपलर सुविधा भी उपलब्ध है। हाई रेजोल्यूशन तकनीक का इस्तेमाल किया हुआ है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी चिकित्सालय में भौतिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगीस्थानीय गौशाला के लिए पशु एंबुलेंस आगामी दो माह में उपलब्ध कराई जाएगी प्रधान रामचंद्र थाकण ने कहा कि रूपनगढ़ क्षेत्र का प्रतिनिधित्व मजबूत व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है। इसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा।रूपनगढ़ के अटल चौक में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में, मार्बल एसोसिएशन रूपनगढ कार्यालय पर, मेगा फूड पार्क एवं रूपनगढ़ के प्रमुख मार्गों पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत का सम्मान किया गया। बांदर सिंदरी पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा जल संसाधन मंत्री श्री रावत का अभिनंदन किया बांदर सिंदरी में जल संसाधन मंत्री श्री रावत ने माधव गौशाला का निरीक्षण कर गौसेवा भी की। संगठन के पदाधिकारियों ने रूपनगढ़ औद्योगिक क्षेत्र को जिला उद्योग केंद्र से रिको को सुपुर्द करने की कार्यवाही करने के संबंध में ज्ञापन प्रस्तुत किया।

#### कार्यक्रम में ये गणमान्य रहे मौजूद

» इस अवसर पर पुष्कर नगरपालिका के अध्यक्ष शिव स्वरूप महर्षि, पूर्व अध्यक्ष कमल पाठक,अर्जुन सिंह रावत, पूर्व सरपंच अर्चना ब्लॉक अध्यक्ष मूलचंद राईका, किशनगढ़ मार्बल एसोसिएशन के संरक्षक डी.सी.वी.किरण,अध्यक्ष मुकेश मोदानी, उपाध्यक्ष राम विलास थाकण,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनुज पींगोलिया. बीसीएमओ डॉ. सर्वज्ञ चतुर्वेदी.डॉ. संजय प्रजापति, डॉ. ममता, उपखंड अधिकारी अभिलाषा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, नागरिक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## सांसद ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री से की मुलाकात, प्रदेश को ईआरसीपी का तोहफ़ा देने पर जताया आभार

चमकता राजस्थान



**भरतपुर (राजवीर सिंह)।** क्षेत्रीय सांसद रंजीता कोली ने आज गुरुवार को दिल्ली में, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर, बयाना भरतपुर लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं व मांगों से अवगत कराते हुए। ईआरसीपी को मंजूरी दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का आभार जताया।और कहा कि ईआरसीपी परियोजना से राजस्थान के पूर्वी हिस्से के करीब एक दर्जन जिलों के लोगों को पीने का पानी और खेतों की सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। जिससे लंबे समय से इस क्षेत्र में आ रही पानी की समस्या और तेजी से गिरता भूजल स्तर की समस्या का भी समाधान होगा। वहीं इससे किसानों के बिजली संकट का भी समाधान होगा। सांसद ने कहा कि ईआरसीपी परियोजना पूर्ण हो जाने पर पूर्वी राजस्थान के सभी जिलों के किसानों के खेतों में फिर से हरियाली आएगी और उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार आएगा वही पशुपालन को भी बढ़ावा मिलेगा। सांसद ने इस दौरान केंद्रीय मंत्री से प्रधानमंत्री जल मिशन व अन्य योजनाओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा की।

### किशनगढ़ में स्वामी विवेकानंद जन्मोत्सव कार्यक्रम होगा आयोजित

**चमकता राजस्थान। किशनगढ़,!(शंकर शर्मा)** किशनगढ़, स्वामी विवेकानंद का 162वां जन्मोत्सव के कार्यक्रम प्रभारी मुकेश कांडा ने अवगत कराया कि कल 2फरवरी शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जी का जन्मोत्सव पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा विवेकानंद आश्रम गुंदोलाव झील आनन्द घाट के सचिव सुभाष सेकसरिया ने बताया कि माघ कृष्ण पक्ष की सप्तमी को स्वामी विवेकानंद जी का जन्मोत्सव प्रातः 8:00 बजे से यज्ञ,हवन ,पूजा-पाठ के साथ हर्षोल्लास से मनाया जाएगा । कार्यक्रम संयोजक मुकेश काकड़ा ने बताया कि स्वामी जी के जन्मोत्सव पर कार्यक्रमों की धूम रहेगी जिसमें किशनगढ़ के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के उपदेशों, वाणी एवम शिक्षाओं का वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उपयोगिता पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी । विवेकानंद आश्रम सेवा में समर्पित दयाराम सेकसरिया ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा साथ ही सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा । कार्यक्रम के अंत मे पधारे हुए सभी अतिथियों एवम प्रतिभागियों संग अन्न-प्रसाद ग्रहण किया जाएगा ।

## लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया की ब्रांच धौलपुर का चुनाव संपन्न

चमकता राजस्थान



धौलपुर!( रामदास तरुण) दिनांकः- 1/2/2024 को जिला धौलपुर शाखा के अभिकर्ता संघ का चुनाव सर्वसम्मति से जयपुर मंडल अध्यक्ष तोताराम के सानिध्य में निर्विरोध संपन्न हुआ! जिसमें अध्यक्ष पद ओमप्रकाश गुर्जर, उपाध्यक्ष मनोज कुमार वघेला,सचिव योगेश बंसल कोषाध्यक्ष ऋषि कुमार एवं संयुक्त सचिव खेम सिंह और प्रचार मंत्री रमाकांत गोस्वामी को चुना गया! मंडल अध्यक्ष जयपुर के द्वारा नव निर्मित पदाधिकारीयो को शपथ दिलाई, और यह भी कहा कि संगठन में ना कोई छोटा होता है! ना कोई बड़ा होता है! हमारा संगठन सर्वोपरि है! संगठन में बो शक्ति होती है, कि सारे कार्य आसानी से हो जाते हैं! और यह भी कहां कि किसी भी संगठन में जातिवादी नहीं होनी चाहिए, हम सब एक हैं ' हरि परमात्मा ने जल, वायु,अग्नि,धूप, और सभी मनुष्यों का खून एक है! इसीलिए हम सब एक हैं!

इस कार्यक्रम में जयपुर मंडल अध्यक्ष तोताराम,भरतपुर शाखा के अध्यक्ष सत्येंद्र कौशिक एवं देवदत्त शर्मा भरतपुर, राजेंद्रसिंह यादव,मनोरंजन शर्मा, मुकेश पुरी, विजय गर्ग, गोविंद गर्ग अतेंद्र सिंह,योगेश बंसल, केडी त्यागी, संतोष कुमार शर्मा, विष्णु शिवहरे, डॉ.रामदास तरुण वरिष्ठ पत्रकार, यदुवीर चाहर, महेश चंद्र,रामगोपाल कुशवाहा, आदि अभिकर्ता उपस्थित रहे! आज के कार्यक्रम का मंच संचालन राजेश बोहरा के द्वारा किया गया!

### श्रीनगर ब्लॉक के झड़वासा क्लस्टर में राजस्थान आजीविका विकास परिषद के तहत 9 महिला को सिलाई मशीन वितरण



**चमकता राजस्थान। श्रीनगर!(रघुनन्दन पारीक)** श्रीनगर की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 24 महिलाओं के स्वम राजीविका समूह को सिलाई मशीन प्रधान की। महिलाओं को बड़े स्तर पर कार्य करने को प्रत्साहित किया। राजस्थान आजीविका विकास परिषद राजिविका श्रीनगर ब्लॉक पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत सिलाई मशीन वितरण की। समूह की जरूरत मंद महिला को दी गई। इस मौके पर बीपीएम अजका फातिमा, गीत योगी, रामदयाल मीना, रामसर सरपंच जालिम सिंह ग्राम सेवक नरेश सीएम सोनू एसीसी बिलकिश सीएलएफ, सचिव अनिता मौजूद रहे

# बैलारा सर्किल पर महाराज सूरजमल की प्रतिमा का प्रस्ताव, साधारण सभा की बैठक में लिया प्रस्ताव

### बैठक में विधायक ने दिए दिशा निर्देश, सकारात्मक सोच रखते हुए चहुंमुखी विकास को मिले प्राथमिकता

चमकता राजस्थान



**भरतपुर (राजवीर सिंह)।** जिले की नदबई नगर पालिका परिसर में पालिकाध्यक्ष हरवती सिनसिनवार की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई। जिसमें बाईपास चौराहों का सौन्दर्यीकरण करने व बैलारा सर्किल पर महाराज सूरजमल की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव लिया गया। हालांकि, प्रतिमा स्थापना को लेकर कई नगर पालिका जनप्रतिनिधियों ने विरोध जताया। विधायक जगत सिंह ने हाथ खड़ा कर प्रतिमा स्थापना पर विचार करने को कहा। बाद में नगर पालिका जनप्रतिनिधियों की ओर से हाथ खड़ाकर प्रतिमा स्थापना का समर्थन करने पर महाराज सूरजमल की प्रतिमा स्थापना करने का प्रस्ताव लिया गया।इससे पहले बैठक में मौजूद विधायक जगत सिंह ने सकरात्मक सोच रखते हुए शहरी क्षेत्र के चहुंमुखी विकास कार्य को प्राथमिकता देने को कहा। साथ ही भ्रष्टाचार मुक्त नगर पालिका प्रशासन होने की नसीहत देते हुए मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने व अनुपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इससे पहले नगर पालिकाध्यक्ष हरवती सिनसिनवार, उपाध्यक्ष अशोक पुष्पा उपाध्याय व अधिशाषी अधिकारी दीपा यादव ने माला-साफा व स्मृति-चिंह भेंटकर विधायक का अभिनंदन किया। बाद में अधिशाषी अधिकारी ने बैठक कार्रवाई की चर्चा कर जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। बैठक दौरान गंदा पानी निकासी के लिए ड्रनेज सिस्टम का सर्वे कराते हुए प्रदेश सरकार को रिपोर्ट भेजने, नदबई नगर पालिका को बी कैटेगिरी में शामिल करने, सफाई व्यवस्था के लिए नवीन उपकरण खरीदने व शहरी क्षेत्र में बिजली-पानी सहित सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने व सौन्दर्यीकरण करने का प्रस्ताव लिया। बैठक में विभागीय अधिकारी व जनप्रतिनिधी मौजूद रहे।

## लिटरेचर फेस्टिवल से विश्व पटल पर मिली जयपुर को मिली विशेष पहचान

# सैमसंग गैलेक्सी टैब S9 सीरिज जेएलएफ की भव्य शुरुआत

## दुनिया के सबसे बड़े साहित्य शो जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2024 में फनकारों ने दी मनमोहक और रचनात्मक रंगारंग प्रस्तुति, माहौल हुआ मंत्रमुग्ध व उर्जावान

चमकता राजस्थान












## खेल, राजनीति, इतिहास, साहित्य, संवादों और विचारों, लेखन की विविधता का इंद्रधनुष है साबित हुआ फेस्टिवल

**जयपुर(खलील कुरैशी)1 फरवरी।** दुनिया के सबसे बड़े साहित्यिक शो, सैमसंग गैलेक्सी टैब स९ सीरिज जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2024 की शुरुआत 1 फरवरी को होटल क्लार्क्स आमेर, जयपुर में शानदार कार्यक्रम के साथ हुई फेस्टिवल के पहले दिन की शुरुआत पंडित कुमार गंधर्व की जन्म शताब्दी पर सुरों के साथ उनको नमन करने से हुई इस अवसर पर, प्रसिद्ध हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायिका और कुमार गंधर्व की पुत्री, कलापनी कोमकली ने कुमार गंधर्व की कुछ कालजयी नज़में प्रस्तुत की कुमार गंधर्व की रचना 'उड़ जाएगा हंस अकेला' वास्तव में इस क्षणभंगुर संसार का रहस्य खोल देती है फिर नाथू लाल के नगाड़े की थाप और शंख की जोरदार ध्वनि ने घोषित कर दिया कि फेस्टिवल की इससे ज़्यादा ऊर्जावान शुरुआत हो ही नहीं सकती थीफेस्टिवल के प्रोड्यूसर और टीमवर्क आर्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर संजॉय के. रॉय ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल की शुरुआत और अपने लक्ष्य को दोहराते हुए कहा, ''वर्तमान समय में जहाँ भिन्न-भिन्न देशों और समाजों में ध्रुवीकरण ज़्यादा मुखर हो रहा है, ऐसे में साहित्य ही है जो लोगों को एक-दूसरे के करीब लाता है''

उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित राजस्थान की माननीय उप-मुख्यमंत्री, सुश्री दीया कुमारी ने कहा, ''जयपुर और फेस्टिवल एक-दूसरे के पर्याय हैं आपने इस फेस्टिवल के माध्यम से जयपुर को वर्ल्डमैप पर हाईलाइट कर दिया है साहित्य आज के समय की मांग है और इस फेस्टिवल ने सिर्फ साहित्य को ही नहीं, जयपुर के टूरिज्म को भी बहुत सपोर्ट किया है आज लोग अपनी कांफ्रेंस और बिजनेस मीटिंग्स जयपुर में फेस्टिवल के अनुसार प्लान करते हैं, ताकि वो इसका अनुभव ले सकें'' लेखिका और जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल की फाउंडर व को-डायरेक्टर, नमिता गोखले ने कहा, ''हर साल मैं फेस्टिवल के लिए एक उपमा चुनती हूँ और इस बार मैं फिर से कथासरित्सागर पर लौटती हूँ... ये फेस्टिवल हमारी बदलती दुनिया को समझने का प्रयास है हम विचार और संवाद का इंद्रधनुष पेश करेंगे''इतिहासकार, लेखक और जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के फाउंडर व को-डायरेक्टर विलियम डेलरिम्पल ने कहा, ''लिटरेचर फेस्टिवल एशिया महाद्वीप पर एक बड़े मूवमेंट के रूप में उभरे हैं, लेकिन इन सबकी शुरुआत यहां से हुई थी हर साल की तरह इस साल भी हम आपके लिए दुनिया की श्रेष्ठ प्रतिभाओं को लेकर आये हैं''

'बाल ओ पर' सत्र की शुरुआत में हरदिल अजीज़ शायर, गुलज़ार साहब ने अपने नये काव्य-संग्रह के बारे में कहा कि ये उनकी अप्रकाशित रचनाओं का संकलन है, और अभी भी उनकी इतनी सारी रचनाएं अप्रकाशित हैं कि उनसे इतनी ही बड़ी एक और किताब बन सकती है सत्र में अनुवाद की कला, उसकी चुनौतियों और ले-खक व अनुवादक के रिश्ते पर भी बात हुई रख्शंदा जलील ने बताया कि इस किताब का अनुवाद तीन साल पहले शुरू हुआ था, वे लगभग हर दिन मिला करते और हर शब्द, लाइन और कोमा पर चर्चा करते गुलज़ार साहब की कई अन्य रचनाओं का अनुवाद कर चुके पवन के. वर्मा ने बताया कि कविता का अनुवाद सबसे जटिल कार्यों में से एक है उन्होंने कहा, ''अनुवादक के तौर पर गुलज़ार साहब की कविताएं अनुवाद करना मेरे लिए बहुत सुखद रहा और कभी-कभी अनुवाद से पहले मैंने कई दिन और रात उसी कविता के साथ बिताऐ''

गुलज़ार साहब ने अनुवाद पर कहा, ''मानता हूं कि परफ्यूम की मात्र थोड़ी कम ज़रूर हो जाती है... लेकिन खुशबु कम नहीं होती''

'सोंग्स ऑफ मिलारेपा' सत्र गुरु मिलारेपा को समर्पित रहो सत्र में प्रसिद्ध अकादमिक और लेखक एंड्रू क्विंटमैन ने अभिनेता और ले-खक केली दोरजी से संवाद कियो दोरजी ने कहा, ''मिलारेपा अपने लोगों से गैर-पारम्परिक ढंग से बात करते थे वो बिलकुल उनके अपने थे, शायद यही वजह है कि उनका व्यक्तित्व इतना बड़ा है'' सत्र में मिलारेपा के कठिन जीवन की भी बात हुई और उन्होंने बताया कि वास्तव में मिलारेपा ने तंत्र-मंत्र अपने परिवार से बदला लेने के लिए सीखा था, लेकिन फिर उनका ह्रदय परिवर्तित हुआ और उन्होंने खुद को समाज के लिए समर्पित कर दियो इस सत्र में नमिता गोखले की किताब 'मिस्टिक एंड सेप्टिक्स' के हिन्दी अनुवाद, 'हिमालय एक खोज' का लोकार्पण भी हुओ इस किताब में गुरु मिलारेपा पर एंड्रू क्विंटमैन का लेख भी शामिल है

सत्र 'फिलोसफी, फेंटेसी एंड फ्रीडम' में तमिल और मलयालम लेखक बी. जेयामोहन के विस्तृत और विविध लेखन पर चर्चा हुई जेयामोहन ने कई तमिल फिल्मों की पटकथा लिखी है, जिनमें हाल ही में रिलीज हुई फिल्म, पोन्नी सेल्वन भी शामिल है अपने लेखकीय स×फर पर जेयामोहन ने कहा, ''मैंने ये सोचकर लिखना नहीं शुरू किया था कि मुझे बड़ा लेखक बनना थो मैंने लिखना एक आध्यात्मिक अभ्यास के तौर शुरू किया था... जब मैं 24 साल का था, तो मेरे माता-पिता आत्महत्या कर ली थी, और उस सदमे से बाहर आने के लिए मैंने लिखना शुरू कियो'' आगे उन्होंने कहा, ''एक अच्छे लेखक के लिए उसका मूल और दर्शन बहुत ज़रूरी होते हैं'' सत्र में उनके साथ लेखिका और अनुवादक सुचित्रा रामचंद्रन और लेखिका अंजुम हसन भी उपस्थित थे

### जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल बदलती दुनिया को समझने का सकारात्मक प्रयास

'ए बिगर पिक्चर' सत्र में ऑस्ट्रेलिया के भूतपूर्व प्रधानमंत्री माल्कोल्म टर्नबुल और लेखक और भूतपूर्व राजनयिक नवदीप सूरी ने अपने कार्यकाल को याद कियो जब माल्कोल्म ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री थे, तब सूरी ऑस्ट्रेलिया में भारत के राजदूत थे वर्तमान हालात पर बात करते हुए, माल्कोल्म ने कहा, ''हमारा बड़ा खज़ाना ज़मीन के नीचे नहीं है, वो उसके ऊपर चल रहा है इसीलिए हमें किसी भी तरह की 'हेट स्पीच' के लिए सजग रहना चाहिऐ उसके लिए जीरो टोलरेंस होना चाहिऐ उन लोगों के प्रति जीरो टोलरेंस होना चाहिए, जो किसी भी तरह के भेदभाव को बढ़ावा देते हैं'' उन्होंने अपने कार्यकाल में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों पर भी बात की उन्होंने 'बोलने की स्वतंत्रता' और 'मीडिया की अभिव्यक्ति' में संतुलन होने पर बात की उन्होंने कहा, ''बोलने की आज़ादी होनी चाहिए, लेकिन सही इनफार्मेशन होना उससे भी ज़्यादा जरूरी है''

2023 के बुकर प्राइज से सम्मानित लेखक पॉल लिंच ने बताया कि वह पहली बार भारत आने पर काफी रोमांचित हैं भारत की बहुरंगी ×खूबसूरती की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि इसके सामने आयरलैंड में उनका होमटाउन लिमेरिक तो एक रंग का ही है उनका उपन्यास, 'प्रोफेट सोंग' हाशिये पर खड़े समाज का एक उत्तेजक, प्रेरक और टकरावपूर्ण वर्णन है एक महिला द्वारा अपने परिवार को बचाने की इस कहानी में आयरलैंड के पितृसत्तात्मक और तानाशाह समाज की झलक है संवाद के दौरान उन्होंने अपने लेखकीय स×फर और प्रेरणा की भी बात की लिंच ने कहा, ''मुझे एहसास हुआ कि कुछ और बेहतर मेरा इंतजार कर रहा है... और मुझे कुछ सहज ज्ञान हुआ... मैंने बैठकर अपनी आँखें बंद कर लीं, और फिर इंतजार करने लगा और फिर मैंने लिखना शुरू कर दिया... उस पल मुझे नहीं पता था कि किताब का स्वरुप क्या होगा, मुझे ये भी नहीं पता था कि ये पूरी भी होगी या नहीं... अगर मुझे पता होता तो शायद मैंने लिखना बंद कर दिया होता...''

पर्यावरण को समर्पित एक सत्र, 'इंटरटाइडल' में सभी वक्ताओं ने प्रकृति से जुड़े अपने अनुभवों पर बात की लेखक और प्रकृतिवादी युवान आवेस की नई किताब, 'इंटरटाइडलः ए कोस्ट एंड मार्श डायरी', दो साल और तीन मानसून में फैली हुई, तट और आर्द्रभूमि, जलवायु और स्वयं की गहरी टिप्पणियों की एक डायरी है। आवेस ने अपने बचपन और मां को याद करते हुए बताया कि कैसे प्रकृति के साथ उनके अभिन्न संबंध थे। प्रकृति के साथ उनका रिश्ता कैसे विकसित हुआ, इसके बारे में सोचते हुए, युवान टिप्पणी करते हैं, ₹प्रकृति ही वह तरीका है जिससे मैंने दुखों को फिर से आकार दिया है... एक स्थान और उपस्थिति के संपर्क में रहना जो किसी के सिकुड़े हुए स्वार्थ से परे है जो किसी को पीड़ा पहुंचाता है और पीड़ा में बदल देता है।₹

फेस्टिवल के पहले दिन एक सत्र 'क्रिकेटः द स्प्रिट ऑ×फ द गेम' क्रिकेट को समर्पित रहो क्रिकेट सही मायनों में भारतियों का धर्म है इस सत्र में लेखक, टिप्पणीकार, कोच और पूर्व क्रिकेटर, वेंकट सुंदरम की नई किताब, 'इंडियन क्रिकेटः देन एंड नाउ' के माध्यम से बीते सालों में खेल की भावना और अभ्यास में आये बदलाव पर चर्चा हुई इंडिया के हरफनमौला बल्लेबाज रहे अजय जड़ेजा ने खेल के दिनों के कई मज़ेदार किस्से भी साझा किये आज के माहौल पर उन्होंने कहा, ''बदकिस्मती से हम अब गलतियों को बर्दाश्त नहीं करते, आप चाहते हैं कि आपके खिलाड़ी हमेशा अच्छा ही खेलें, इसीलिए उसी खिलाड़ी को एक समय में पांच कोच के निर्देश सुनने पड़ते हैं''

'लेसन इन कैमिस्ट्री' सत्र की शुरुआत में अमेरिकी लेखिका और कॉपीराइटर, बोनी गार्मुस बताती हैं कि उन्हें अपनी किताब लिखने की प्रेरणा मेल-डोमिनेटेड वर्कप्लेस में एक बुरे दिन से मिली लेखन पर गार्मुस कहती हैं, ''मुझे लगता है कि लेखन सबसे मुश्किल काम है खाली पन्ने को घूरने से बुरा कुछ नहीं है'' उनका उपन्यास, 'लेसंस इन कैमिस्ट्री' एक हताश कैमिस्ट के गिर्द घूमता है, जब वो अचानक खुद को एक कुकिंग शो में पाती है, जो 1960 के दशक के अमेरिका में क्रान्ति की चिंगारी लगा देता है

'ब्रेकिंग द मोल्ड' सत्र में रघुराम राजन ने रोहित लाम्बा के साथ सह-लेखन में लिखी, 'ब्रेकिंग द मोल्डः रीइमेजनिंग द इकोनोमिक फ्यूचर' पर बात की सत्र में नौशाद ने उनसे पूछा कि 'आप किन सांचों को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं?' इस पर राजन ने कहा, ''सांचा एक मायने में विकास के वो तरीके हैं, जिनका इस्तेमाल आज तक अधिकांश देश कर रहे हैं'' लाम्बा और राजन, दोनों ने जोर दिया कि भारत के विकास के लिए नये तरीके भी हैं, जैसे मानव-पूँजी में निवेश करके, उच्च-दक्षता सर्विस में विस्तार करके, और तकनीक से जुड़े नये उत्पादों के माध्यम से

'द ग्रेट एक्सपेरिमेंट' सत्र में वक्त-ाओं ने भारत में लोकतांत्रिकता पर बात की इसे 'एक्सपेरिमेंट' कहे जाने पर, भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त और लेखक एस.वाई. कुरैशी ने कहा, ''जब हमने लोकतंत्र को चुना था, तो यह वास्तव में एक प्रयोग ही थो सबको लगा था कि यह गलत कदम साबित होगा, क्योंकि हमारी 70% से अधिक आबादी निरक्षर थी ये सच में एक एक्सपेरिमेंट ही थो'' सत्र में जोर दिया गया एक वोट या एक पल देश में राजनैतिक पॉवर को सुनिश्चित नहीं कर सकता, लेकिन लोकतंत्र लोगों को अपना मन बदलने का अवसर देता है यस्चा ने कहा, ''जब राजनेता कहते हैं की 'मैं ही जनता का सच्चा प्रतिनिधि हूँ' तो मेरे हिसाब से वे सिस्टम को धोखा दे रहे हैं आने वाले दिनों में, फेस्टिवल में और भी कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी, साथ ही म्यूजिक के भी कई शानदार सेशन देने को मिलेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### इच्छापूर्ति फाउंडेशन के द्वारा निरंतर जारी है बेजुबान जानवरो की सेवा



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण )** जिला धौलपुर के बाड़ी शहर से लगभग बीस किलोमीटर की दूरी पर प्राचीन सिद्ध दरबार लटीला, बनविहार एवम विभिन्न धार्मिक स्थानों पर इच्छापूर्ति फाउंडेशन के फाउंडर रामकुमार चौधरी ( रामू) द्वारा कई वर्षो से अनवरत बेजुबान जानवरो जैसे बंदर, गौ माता, नंदी महाराज, हिरन, बारह सिंघा की सेवा चल रही है। इसी क्रम में आज दिनांक :- 01/02/2024 फरबरी दो हजार चौबीस गुरुवार को प्रातः बेला में लटीला एवम वनविहार में बेजुबान जानवरो की सेवा के दौरान हिंदू जागरण मंच के जिला सह संयोजक अंजनी पाराशर भी मौजूद रहे जिनको यह सेवा कार्य करने का शुभ अवसर मिला। इस मौके पर हिंदू जागरण मंच जिला सह संयोजक अंजनी पाराशर ने इच्छापूर्ति फाउंडेशन के चैयरमैन रामकुमार चौधरी से इस सेवा कार्य के बारे में जानकारी जुटाई तो रामकुमार चौधरी ने बताया कि यह बेजुबान जानवरो बंदरों एवम गायों की सेवा कार्य कई वर्षो से अनवरत जारी है। और इस कार्य को करने से मुझको बहुत खुशी मिलती है और इस पुनीत कार्य को करने के लिए हम फाउंडेशन कार्यकर्ता धौलपुर जिले के अलावा करौली के सागर झील, तिमन गण किला पर भी जाते है। और अब हमारा बंदरो से बहुत अधिक लगाव हो गया है। बंदर बाबा हमारा नित्य प्रतिदिन इंतजार करते हैं। और आजकी यह बंदर सेवा सुरभि गोयल पत्नी मोहित गोयल निवासी गाजियाबाद के द्वारा अपनी वैवाहिक जीवन की प्रथम वर्षगांठ पर सुखमय जीवन के लिए उन्ही के आर्थिक सहयोग से की गई है। और हम सभी सनातन धर्म प्रेमियों को यह पुण्य कार्य करते रहने चाहिए। इस दौरान प्रवेश बंसल, विदित बंसल, अर्पित सिंघल उपस्थित रहे।

## दुपहिया वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा : चोरी गई 10 मोटरसाइकिल सहित दो शातिर आरोपी गिरफ्तार

चमकता राजस्थान





**अलवर 01 फरवरी।** जिले की अरावली विहार थाना पुलिस की टीम ने शहर में हो रही वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपियों अमीर सिंह पुत्र जगमोहन सिंह (21) निवासी जहानपुर की ढाणी थाना गोविंदगढ़ एवं बूटा सिंह पुत्र महेंद्र सिंह (20) निवासी अलापुर थाना अकबरपुर हाल थाना नौगांवा अलवर को गिरफ्तार कर विभिन्न थाना क्षेत्र से चुराई गई 10 मोटरसाइकिल बरामद की है।एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि 9 जनवरी को नया बास देवयानी हॉस्पिटल के पास राम जी टावर के नीचे से एक बाइक चोरी की घटना हुई इस पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। शहर में आए दिन हो रही बाइक चोरी की वारदातों को गम्भीरता से लेकर इन घटनाओं के खुलासे के लिए एसएचओ अरावली विहार पवन कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।

गठित टीम द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं में चालन शुदा आरोपियों के बारे में आसूचना संकलित की और संदिग्ध आरोपियों को चिन्हित कर उन पर निगरानी रखी गई। शातिर वाहन चोर अमीर सिंह व बूटा सिंह को दस्तयाब कर पूछताछ की तो इन्होंने दर्जन पर मोटरसाइकिल चोरी की वारदाते कबुल की है आरोपियों की निशानदेही से चोरी की 10 मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी पुलिस अभिरक्षा में चल रहे हैं, जिनसे गहनता से पूछताछ जारी है। पूछताछ में और और भी वारदातें खुलने की पूरी संभावना है।

### ऑपरेशन स्माइल कार्यशाला सम्पन्न

**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी)01 फरवरी।** पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार राजस्थान राज्य की सभी पुलिस रेंज एवं आयुक्तालय में ट्रांसजेंडर्स को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने एवं पुलिस के नोडल अधिकारियों को उनके साथ संवेदनशील व्यवहार करने के लिए राज्यव्यापी ऑपरेशन स्माइल चलाया जा रहा है। इसके तहत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किये जाने के क्रम में पुलिस आयुक्तालय जयपुर राजस्थान पुलिस अकादमी के सभागार से इसका शुभारंभ किया गया। इस दौरान पुलिस मुख्यालय व आयुक्तालय के ट्रांसजेंडर शिकायत सुनवाई मामलों के पुलिस नोडल अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभागधिकारी एवं ट्रांसजेंडर्स समुदाय के व्यक्तियों ने भाग लिया।

## जिला कलक्टर ने की लुहारी और फरासपुरा में जनसुनवाई

# एक पंथ दो काज, सोख्ता पिट से जलभराव बंद और भूजल रिचार्ज

चमकता राजस्थान

**धौलपुर (रामदास तरुण )** जिला कलक्टर निधि बी टी ने गुरुवार को उपखंड धौलपुर की ग्राम पंचायत लुहारी तथा राजाखेड़ा की फरासपुरा ग्राम पंचायत में जनसुनवाई की। जिला कलक्टर ने जलभराव की समस्या के परिवादों में ग्राम पंचायतों को सोख्ता पिट बनाकर समस्या के निस्तारण हेतु निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से जलभराव की समस्या का भी समाधान होगा साथ ही भूजल रिचार्ज होगा। जनसुनवाई में परिवादी अमर सिंह ने अपने पिता की मृत्यु प्रमाण पत्र न बन पाने के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया। जिला कलक्टर ने ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए तुरंत मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा कर समाधान प्रस्तुत किया। वहीं ग्राम सांडा के वासियों के परिवाद जिसमें रेलवे लाइन पर बाउंड्री में पुलिया न बनाये जाने के संबंध में तहसीलदार धौलपुर को उचित कार्यवाही कर रेलवे के संज्ञान में लाने हेतु निर्देशित किया। ग्राम पंचायत फरासपुरा में स्कूल तक के आम रास्ते से अतिक्रमण हटाये जाने के संबंध में पटवारी को मामले की जांच हेतु समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। परिवादी रमाकांत शर्मा एवं अन्य द्वारा प्रस्तुत ग्राम फरासपुरा से माता रहनावाली तक कच्ची सड़क का डामरीकरण कराये जाने के मामल में सार्वजनिक निर्माण विभाग को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि परिवादियों द्वारा दर्ज किये गये परिवादों का सम्बंधित अधिकारी संवेदनशीलता के साथ त्वरित निस्तारण करें।



इस दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी परिवादों का समयबद्ध निस्तारण करें, संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का भी प्राथमिकता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत लुहारी में कुल 30 तथा ग्राम पंचायत फरासपुरा में 30 परिवाद प्राप्त हुए जिनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान उपखंड अधिकारी धौलपुर भारती भारद्वाज, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद शीशराम यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## अंतरिम बजट, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा

# राजस्थान के नागरिकों को मिलेगा विशेष फायदा : उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

**चमकता राजस्थान।**

जयपुर, 01 फरवरी। अंतरिम बजट 2024-25 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन द्वारा शुक्रवार को लोकसभा में प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया करते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने यह बात कही। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस अंतरिम बजट में भी पिछले 10 वर्षों की भांति देश की अर्थव्यवस्था व आधारभूत ढांचे को सुद्दढ़ करने पर बल दिया गया है।

इसके साथ ही बजट में युवाओं, महिलाओं, वंचितों एवं अन्नदाताओं पर विशेष फोकस किया गया हैं। महिलाओं के लिए एचपीवी वेक्सीनेशन की घोषणा ऐतिहासिक है, इससे महिलाओं में सर्वाइकल केन्सर रोकने में मदद मिलेगी। आयुष्मान भारत योजना का दायरा व्यापक करते हुए इसमें आषा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया जाना, महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गये महत्वपूर्ण कदम है। बजट में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का जो लक्ष्य रखा गया है, वह महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सक्षम आंगनबाड़ी योजना के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों का अपग्रेडेशन किये जाने की घोषणा की गई है। इससे जच्चा-बच्चा का बेहतरीन पोषण सुनिश्चित होगा।



### प्रदेश को होगा विषेष फायदा-

» उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हर घर सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाने के लिए महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना की घोषणा की थी, जिस पर अब अमल किया जाएगा, इससे राजस्थान के नागरिकों को विषेश फायदा होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय बजट से राजस्थान में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आमजन तक लाभ पंहुचाने के लिए हम कटिबद्ध है एवं राजस्थान में अब डबल इंजन की सरकार से आम आदमी का जीवन सुगम बन पाएगा।

### पर्यटन की दृष्टि से राजस्थान में असीम संभावनाएं

» दिया कुमारी ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से राजस्थान में असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने प्रदेश को पर्यटन का सिरमौर बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्री ने अपने भाषण में कहा है कि हमारी आर्थिक ताकत ने हमारे देश को बिजनेस और कांफ्रेन्स ट्यूरिस्म के लिए एक आकर्षक गतंव्य बना दिया है। पर्यटन में जिसमें आध्यात्म पर्यटन भी षामिल है, स्थानीय उद्यमिता के अपार अवसर हैं। राज्यों को प्रतिष्ठित पर्यटक केन्द्रों का सम्पूर्ण विकास करने, उनकी वैश्विक पैमाने पर ब्रांडिंग और मार्केटिंग का प्रोत्साहित करने की घोषणा की गई है। घरेलू पर्यटन के प्रति लोगों के बढ़ते उत्साह पर खरा उतरने के लिए लक्षद्वीप सहित हमारे द्वीपसमूहों में पत्तन संपर्क,पर्यटन अवसंरचना और सुख–सुविधाओं हेतु परियोजनाएं शुरू करने की घोषणा की गई जो कि देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश का प्रथम,कांग्रेस लोकसभा कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम सम्पन्न

**चमकता राजस्थान। जयपुर 1फरवरी ।** श्रीगंगानगर के रंगोली रिसॉर्ट्स में प्रदेश का प्रथम, लोकसभा कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम रखा गया।कार्यक्रम में एआईसीसी द्वारा नियुक्त प्रदेश प्रभारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सरदार सुखजिंदर सिंह रंधावा, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ऊर्जावान अध्यक्ष गोविंद सिंह जी डोटासरा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली विशेष रूप से सम्मिलित हुए। ज़लि भर से आये सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए वरिष्ठ नेताओं ने आगामी लोकसभा चुनाव में गंगानगर की सीट कांग्रेस पार्टी की झोली में डालने का आ''ान किया। आपने कार्यकर्ताओं में जोश और ऊर्जा का संचार किया। कार्यकर्ताओं ने भी पूरे अनुशासन और धैर्य के साथ नेतागणों की बात सुनी और उनको विश्वास दिलाया कि वे गंगानगर लोकसभा सीट से अवश्य ही कांग्रेस का सांसद बना कर भेजेंगे। समस्त वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ता साथियों, पदाधिकारियों का इस सफल और शानदार कार्यक्रम के लिए आभार।

### बजट 2024 पर श्री आशीषकुमार चौहान, एमडी और सीईओ, एनएसई की प्रतिक्रिया

**चमकता राजस्थान। नई दिल्ली 01 फरवरी 2024 ।** मैं अंतरिम बजट को 10 में से 10 नंबर देता हूं। यह बजट नीतियों और कराधान पर निरंतरता सुनिश्चित करते हुए विकास, कल्याणवाद और राजकोषीय संयम पर केंद्रित है। इन्फ्रास्ट्रक्चर पर अधिक खर्च के माध्यम से क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना और परिणामस्वरूप रोजगार सृजन को सुविधाजनक बनाने की कोशिश जारी रखी गई है। साथ ही, बजट गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए पर्याप्त प्रावधान करता है, जो समग्र आर्थिक विकास के लिए अच्छा संकेत है। यह कदम एक अनिश्चित दुनिया में अच्छी स्थिति में रहने की दिशा में महत्वपूर्ण है। वित्त वर्ष 23-24 के लिए संशोधित राजकोषीय घाटे (5.8 प्रतिशत) में दरअसल बजट अनुमान से 10बीपीएस का सुधार है। फिस्कल कंसोलिडेशन सबसे आगे है और केंद्र में बना हुआ है। वित्त वर्ष 24-25 के लिए राजकोषीय घाटा 5.1 प्रतिशत तक कम हो गया है, इससे उम्मीदों में सुधार हुआ है और वित्त वर्ष 25-26 तक 4.5 प्रतिशत लक्ष्य को हासिल करने की प्रतिबद्धता नजर आती है।

पूंजीगत व्यय परिव्यय 16.9 प्रतिशत बढ़कर 11.11 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया है, जो सकल घरेलू उत्पाद का 3.4 प्रतिशत है। यह पिछले 26 वर्षों में सबसे अधिक है, जिसमें सड़क, परिवहन और रेलवे पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसका तात्पर्य पिछले पांच साल की अवधि में 27 फीसदी सीएजीआर से है। व्यय की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है, पूंजीगत व्यय अब कुल व्यय का 23.3 प्रतिशत है - जो 30 वर्षों में सबसे अधिक है।

बिजली, स्वास्थ्य, आवास, रसोई गैस और वित्तीय समावेशन पर कवरेज के साथ गरीबों और जरूरतमंदों के लिए आज एक सामाजिक सुरक्षा ढांचा मौजूद है। कुल मिलाकर, यह बाज़ारों के लिए एक सकारात्मक बजट है, जिसमें विकास, विवेकशीलता और पारदर्शिता पर निरंतर ध्यान दिया गया है।

### जनता को 2022 के लिए जो सपने दिखाये गये थे, उनकी तिथि अब बढाकर 2047 कर दी : संयम लोढ़ा

**चमकता राजस्थान। जयपुर 1फरवरी।** पूर्व सीएम सलाहकार संयम लोढा ने कहां कि वित मंत्री निर्मला सीतारमण द्वरा वित वर्ष 2024-25 कि लिए प्रस्तुत अंतरिम बजट घोर निराशा जनक रहा है। उन्होंने कहां कि राजकोषीय घाटा 5.1 प्रतिशत तक होना पूरी कहानी स्पष्ट कर देता है।

लोढा ने कहां कि इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नही किया। इसी तरह कम्पनी व अन्य व्यक्तियों के लिए कर दरों मे कोई बदलाव नही किया। उन्होने कहां कि पहले 2022 के लिए जो सपने दिखाये गये थे उनकी तारिख अब बढाकर 2047 कर दी। लोगो के जीवन मे कोई तरक्की नही हुई इसलिए 80 करोड परिवार मुफ्त का गेहूं लेने के लिए बाध्य है। किसानों की आमदनी दुगनी करने का जो वादा किया था उसको पूरा करने का प्रयास नही दिखाई पडता। इतना ही नही न्यूनतम समर्थन मूल्य की गणना करने में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों की पालना नही की गई। राजस्थान में आज भी 12 लाख परिवार आवासहीन है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा पर बजट बढाने के प्रावधान की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है। लोकसभा और विधानसभा में महिला आरक्षण को 2024 के लोकसभा चुनाव में लागू किया जाना चाहिए था जिसे गलत नीयत होने के कारण आगे लिए टाल दिया गया है। एक राष्ट्र एक बाजार का लक्ष्य प्राप्त नही किया जा सका है। डीजल पेटोल व शराब को जीएसटी के दायरे में लाया जाना चाहिए। उन्होने कहां कि महंगाई व बेरोजगारी लगातार बढ रही है और भर्ती के वायदे को जुमला बताकर दरकिनार किया गया है।

गुजरात राजस्थान समझौते के मुताबिक न तो माही व्यास का बचा हुआ पानी जालोर, सिरोही, बाडमेर को दिया जा रहा है और न ही गत 8 वर्ष से दिल्ली में पडी जवाई पुर्नभरण योजना की स्वीकृति दी जा रही है। उन्होने कहां कि मोदी सरकार के इस आखरी अंतरिम बजट ने समाज के हर वर्ग को निराश किया है।

# 17 वें जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल : 2024 का हुआ शानदार एवं विधिवत उद्घाटन

## जेएलएफ ने विश्वभर में जयपुर को ब्रांड बना दिया है: दिया कुमारी, उप मुख्यमंत्री

- **भारत और विश्व भर से प्रासंगिक और प्रख्यात लेखकों, कवियों, विचारकों, पत्रकारों, सांस्कृतिक आदर्शों का सुसज्जित मंच हैं (जे.एल.एफ.)**




**चमकता राजस्थान**

**जयपुर!(खलील कुरैशी)1 फरवरी।** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) का पर्याय बन गया है और मैं 2006 में इसकी शुरुआत के बाद से इसका हिस्सा बनकर प्रसन्न महसूस कर रही हूं। आयोजकों ने जेएलएफ के साथ जयपुर को विश्वभर में पहचान दिलाई है। पर्यटन की दृष्टि से लिटरेचर फेस्टिवल का योगदान,जयपुर शहर में पर्यटन विभाग द्वारा पूरे वर्ष में किये गये योगदान से भी अधिक है। यह बात उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज होटल क्लार्क्स आमेर में 17वें जेएलएफ के उद्घाटन समारोह में कही।

दिया कुमारी ने आगे कहा कि यह फेस्टिवल न केवल अर्थव्यवस्था को काफी बढ़ावा देता है बल्कि भारत में साहित्यिक पर्यटन को भी प्रोत्साहन प्रदान करता है। उन्होंने कहा, विश्व भर से पर्यटक अब इस फेस्टिवल के अनुरूप ही अपनी यात्राएं आयोजित करते हैं ताकि वे इस उत्सव का हिस्सा बन सकें। यह वैश्विक स्तर पर साहित्यिक समुदाय के साथ जुड़ते हुए जयपुर के जीवंत सांस्कृतिक परिदृश्य का आनंद प्रदान करने के लिए एक उपयुक्त मंच है। इस अवसर पर सह-संस्थापक, संजॉय के रॉय; फेस्टिवल के को-डायरेक्टर नमिता गोखले और विलियम डेलरिम्पल; एमडी, क्लार्क्स ग्रुप ऑफ होटल्स, अपूर्व कुमार; सैमसंग इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री राजू पुलन और एमडी और सीईओ एयू बैंक, संजय अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

दिया कुमारी ने आगे कहा कि जेएलएफ की परिभाषित विशेषताओं में से एक विविध प्रकार की आवाजों और दृष्टिकोणों को प्रदर्शित करने की प्रतिबद्धता है। यह फेस्टिवल भारत और विश्व भर से प्रशंसित लेखकों, कवियों, विचारकों और सांस्कृतिक आइकन्स को एक साथ लाता है। शैलियों, भाषाओं और संस्कृतियों की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करते हुए प्रोग्रामिंग की समावेशिता ने वैश्विक दर्शकों के लिए त्योहार की अपील को व्यापक बना दिया है। आज से शुरू हुआ जयपुर लिट फेस्ट 5 फरवरी को खत्म होगा। फेस्टिवल में पुस्तक प्रेमी और युवा बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।


### मणिपुर के चंदेल से 28 मई से लापता युवक का पुलिस को मिले कंकाल के अवशेष

**चंदेल।** मणिपुर में दो समुदायों के बीच बीते साल से हिंसक झड़प लगातार जारी है। इस दौरान कई लोगों की मौत के मामले भी सामने आए हैं और सरकार मणिपुर की स्थिति पर नजर बनाए हुई हैं। बीते साल से हो रही झड़प में अब तक कई लोग लापता भी हो चुके हैं। वहीं, गुरूवार को पुलिस को एक लापता व्यक्ति का शव बरामद हुआ। पुलिस ने कहा कि विघटित अवशेष 19 वर्षीय युवक के होने का संदेह है, जो पिछले साल मई से लापता था और मणिपुर के चंदेल जिले के सोकोम गांव में पाया गया है। काकचिंग जिले के सुगनू के नगांगोम नेवी पिछले साल 28 मई से लापता थे और उन्हें मृत मान लिया गया है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद बुधवार को नगनगोम की तलाश फिर से शुरू हुई, जिसमें संदिग्ध आतंकवादियों को उसका सिर काटते हुए देखा गया था। मणिपुर पुलिस ने उस स्थान की पहचान की जहां वीडियो शूट किया गया था और नए सिरे से खोज की गई, जिसके दौरान बुधवार को विघटित कंकाल के अवशेष पाए गए। पुलिस ने कहा कि वीडियो में दिख रहे कपड़े बरामद किए गए कपड़ों से मेल खाते प्रतीत होते हैं। उन्होंने कहा कि पहचान की पुष्टि के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञ अवशेषों की जांच कर रहे हैं।अवशेषों को जेएनआईएमएस शवगृह में जमा करा दिया गया है।



### सीयूटीएस इंटरनेशनल के महासचिव प्रदीप मेहता को मिला टी 20 ब्राजील की अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की सदस्यता से सम्मान

**चमकता राजस्थान।** जयपुर( खलील कुरेशी )जयपुर प्रदीप मेहता ऋ20 सदस्यता के प्रतिष्ठित थिंक-टैंकों का प्रतिनिधित्व करने वाला यह निकाय व्यवसाय के साथ मिलकर काम करेगा, जिनका गठन इस वर्ष ब्राज़ील के ऋ20 अध्यक्ष पद के हिस्से के रूप में किया गया है।ऋ20 के सदस्य के रूप में 19 देश और दो आर्थिक ब्लॉक, यूरोपीय संघ और अफ्रीकी संघ हैं, जो विकसित और विकासशील दोनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। कुल मिलाकर, वे वैश्विक अर्थव्यवस्था में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान करते हैं। सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देना और भूख के खिलाफ लड़ाई, ऊर्जा संक्रमण और इसके तीन पहलुओं में सतत विकास विकास - सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय, और वैश्विक शासन संस्थानों में सुधार आदि इस सम्मान के बारे में बोलते हुए, मेहता ने कहाःभारत ने 2023 में ऋ20 की अध्यक्षता में अफ्रीकी संघ को इस निकाय में शामिल करके यही हासिल किया! और इससे ब्राजील को उस सकारात्मक ऊर्जा को और आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।''इसके अलावा, ₹सीयूटीएस₹इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक बिपुल चट्टोपाध्याय को ळ20 ब्राजील के टास्क फोर्स 4 के उप-विषयों में से एक का सह-अध्यक्ष बनाया गया है। यह टास्क फोर्स सतत और समावेशी विकास के लिए व्यापार और निवेश से संबंधित मुद्दों से निपटेगी। अन्य चयनित विशेषज्ञों के साथ, वह इस टास्क फोर्स के उप-विषय 1 की गतिविधियों को संचालित करने के लिए जिम्मेदार हैं, जिसमें असमानता, गरीबी और भुक्मरी के ख़िलाफ़ लड़ने और सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने के व्यापार और निवेश पहलुओं को शामिल किया गया है।मेहता ने कहा, ₹हम इस निकाय द्वारा प्रस्तावित भविष्य के परिणामों में संतुलित और न्यायसंगत तरीके से सार्थक योगदान देने के लिए जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। सीयूटीएस एशिया, अफ्रीका और जिनेवा, वाशिंगटन्‘‘अफ्रीका में दृढ़ता से निहित होने के कारण, उवळर टी20 ब्राज़ील के विचार-विमर्श में अपनी भूमिकाओं में अफ्रीकी हितों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देगा। यह उन कुछ भारतीय संगठनों में से एक था, जिसने भारत की अध्यक्षता में जी20 का पूर्ण सदस्य बनने के लिए एयू की सफल बोली को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया। टी20 ब्राज़ील की अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार परिषद में विविध पृष्ठभूमि और देशों से 34 सदस्य हैं। विकासशील देशों के लिए नई दिल्ली स्थित अनुसंधान और सूचना प्रणाली के महानिदेशक सचिन चतुर्वेदी इस निकाय में भारत के अन्य सदस्य हैं।उवळर इंटरनेशनल एक 40 साल पुराना थिंक और एक्शन-टैंक है, जो सार्वजनिक नीति अनुसंधान और व्यापार, विनियमन और शासन पर जमीनी स्तर की गतिविधियाँ करता है। अन्य उद्देश्यों के अलावा और अपनी शुरुआत से ही, इसने सुरक्षा जाल के साथ उदारीकरण की वकालत की है।



## शानदार और दमदार अंतरिम बजट - सीपी जोशी

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार: सीपी जोशी

### अंतरिम बजट महिला सशक्तिकरण और गरीब कल्याण के साथ किसान, युवा सहित सभी वर्गों के उत्थान का सर्व स्पर्शी बजट: सीपी जोशी

**चमकता राजस्थान।**

**जयपुर, 01 फरवरी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए अंतरिम बजट को शानदार और दमदार बताते हुए महिला सशक्तिकरण और गरीब कल्याण के साथ किसान, युवा सहित समाज के सभी वर्गों के उत्थान का सर्व सपर्शी बजट बताया। इस बजट के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास के पथ पर आगे बढ़ रही है। बजट में 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य के लिए एक विस्तृत रोडमेप प्रस्तुत किया गया है। गरीब, महिला, युवा अन्नदाता की जरूरतें एवं आकांक्षाए हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आमजन के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है, युवाओं को सशक्त बनाने पर भी काम किया है



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है,

### गरीब, महिला, युवा अन्नदाता की जरूरतें एवं आकांक्षाए हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता - सीपी जोशी

महिलाओं को संसद में आरक्षण के लिए कानून लेकर आए, तीन तलाक को गैर कानूनी घोषित किया। मोदी सरकार 25 करोड़ लोगों की गरीबी दूर करने में कामयाब रही, गरीब कल्याण योजना में 34 लाख करोड़ रूपये खातों में भेजे, 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान उपलब्ध करवाया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से काफी लाभ हुआ इसके तहत सभी आशा और आंगनबाड़ी कर्मियों को भी इसके दायरे में लाने की योजना है। मोदी सरकार कौशल विकास को बढ़ावा दे रही है, इकोनॉमिक कॉरिडोर को दुनिया याद रखेगी। जीएसटी से एक राष्ट्र एक बाजार बना, दो करोड नए आवासों को पांच साल में पूरा करने की योजना से गरीब परिवारों को आवास मिलेगा।

सीने जगत की विभिन्न ख्याती प्राप्त सितारों से सजी अवार्ड सेरेमनी

# राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दसवें संस्करण का शानदार समापन-रिफ में अवॉर्ड पाकर गदगद हुए सेलिब्रिटिज

## अभिनेता टीनू आनंद को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड तो प्राइड ऑफ राजस्थान अवॉर्ड से नवाजी गई एक्ट्रेस इति आचार्य

चमकता राजस्थान

**जयपुर। (खलील कुरैशी)** राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) 2024 के दसवें संस्करण का भव्य समापन 31 जनवरी को एक अवॉर्ड सेरेमनी के साथ हुआ। पांच दिवसीय कार्यक्रम समापन में फर्स्ट इंडिया और भारत 24 के एडिटर इन चीफ जगदीश चंद्र और विधायक बाल मुकुंद आचार्य मुख्य अतिथि बने। अवॉर्ड सेरेमनी में रिफ के फाउंडर सोमेंद्र हर्ष और को फाउंडर अंशु हर्ष ने मुख्य अतिथियों के साथ मिलकर सेलेब्रिटीज सहित कुल 66 फिल्मों को विभिन्न श्रेणियों के पुरस्कारों से नवाजा। कार्यक्रम में मंच का संचालन आशिष भारद्वाज और आकांक्षा जोशी ने किया।

### ● इन सितारों से सजी अवॉर्ड सेरेमनी की महफिल

जेम सिनेमा में आयोजित हुए रिफ के दसवें संस्करण के समापन में अभिनेता टीनू आनंद, अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा, अभिनेता नंदिश सिंह संधू, अभिनेत्री इति आचार्य, सिंगर मोती खान, फिल्म क्रिटिक अजित राय, लेखक यश कालरा, आसामी अभिनेत्री ऐमी बरूआ। वही विदेशी सितारों में डायरेक्टर जेम्स हिगिन्सन, फिल्म मेकर पैट्रिक जॉर्ज, एक्ट्रेस मैरिएन बोर्गो, वेनेजुएला अंबेसी काउंसलर अल्फ्रेडो काल्डेरा, बिहारी बाबू के नाम से प्रचलित चार्ल्स थॉम्सन शामिल हुए।

### ● रंगारंग प्रस्तुतियां देकर कलाकारों ने जीता दर्शकों का दिल

अवॉर्ड सेरेमनी में सूरज ढलने के साथ ही दर्शकों ने कार्यक्रम के बीच में रंगारंग प्रस्तुतियों का भी आनंद लिया। इस दौरान रियलिटी शो ₹इण्डियन आईडल जूनियर₹ के प्रतियोगी रहे मोती खान की 'कुरजां' पर प्रस्तुति के साथ ही मीना सपेरा का 'कालबेलिया' नृत्य, ऐंजल म्यूजिक एकेडमी की ओर से संगीतमय प्रस्तुति और सुबोध कॉलेज के स्टूडेंट्स का 90 दशक के गानों पर ग्रुप डांस बेहद खास रहा।



### ● विशेष कैटेगिरी में अवॉर्ड पाकर गदगद हुए सितारें

भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कारः टीनू आनंद अंतर्राष्ट्रीय सिनेमा में योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कारः पैट्रिक जॉर्ज राजस्थानी सिनेमा में योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्डः मोहन कविया संगीत में योगदान के लिए हसरत जयपुरी पुरस्कारः उस्ताद अनवर खान मांगणियार कॉमन मैन इन सिनेमा अवार्ड (दिवंगत ओम पुरी की स्मृति में): अखिलेन्द्र मिश्रा टीवी और सिनेमा में योगदान के लिए मानद उत्कृष्टता पुरस्कारः नंदीश सिंह संधूप्राइड ऑफ राजस्थानः इति आचार्यसिनेमा व्यवसाय में उत्कृष्ट योगदान : नंदू झालानी 2023 में सर्वश्रेष्ठ पुस्तक लेखकः राजस्थानी सिनेमा विश्वकोश के लिए एमडी सोनी (राजस्थानी फिल्म गीत कोष 1942-2022)सिनेमा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ पुस्तक प्रकाशकः वाणी प्रकाशन (अदिति माहेश्वरी)थीम पुरस्कार (युवा एवं फिल्म विरासत): द जेम सिनेमा (मालिकः सुधीर कासलीवाल) जयपुर।

### ● इन कैटेगिरी में मिले अवॉर्ड

राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दसवें संस्करण में 11 विशेष पुरस्कारों के साथ ही राष्ट्रीय/क्षेत्रीय/अंतर्राष्ट्रीय/राजस्थानी भाषाओं की फीचर फिल्मों के लिए कुल 23 अवॉर्ड, राष्ट्रीय/क्षेत्रीय/छात्र/राजस्थानी/अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं की लघु फिल्मों के लिए कुल 21 अवॉर्ड, एनिमेशन फिल्मों के लिए कुल 3 अवॉर्ड, डॉक्यूमेंट्री फिल्मों के लिए कुल 14 अवॉर्ड और हिन्दी/क्षेत्रीय/अंतर्राष्ट्रीय/राजस्थानी भाषाओं के म्यूजिक एलबम के लिए कुल 5 अवॉर्ड दिए गए।

### विशेष पुरस्कार समेत 8 देशों की 13 भाषाओं में बनी फिल्मों के लिए दिए गए 77 अवॉर्ड

### ● इन फिल्मों को मिला अवॉर्ड

**सर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फिल्मः** नवरस कथा कोलाज
सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय फीचर फिल्मः 2018: हर कोई एक हीरो है [मलयालम]सर्वश्रेष्ठ राजस्थानी फीचर फिल्मः बत्ती - एक लड़का जिसने बिजली का सपना देखासर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्मः टैंगो बार [स्पेनिशेसर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फिल्म के लिए विशेष जूरी पुरस्कारः मरियमसर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय फिल्म के लिए विशेष जूरी पुरस्कारः इन [कन्नड़] सर्वश्रेष्ठ राजस्थानी फिल्म के लिए विशेष जूरी पुरस्कारः सुभागीसर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फिल्म के लिए विशेष जूरी पुरस्कारः टोंटन एडवर्ड [फ्रेंच,फ्रांस]सर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फिल्म के लिए क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्डः मुझे स्कूल नहीं जानासर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय फिल्म के लिए क्रिटिक्स च्वाइस अवार्डः थारिनी [कन्नड़]सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय फीचर फिल्म के लिए विशेष दर्शकों की पसंद का पुरस्कारः भगवंत केसरी [तेलुगु]सहित रिफ में प्रदर्शित की गयी फिल्मों को अन्य 66 अवॉर्ड मिले।

### ● राजस्थान की कला को विश्व स्तर पर लाना चाहती है 'इति आचार्य'

राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में 'प्राइड ऑफ राजस्थान' अवॉर्ड से नवाजी गई इति आचार्य ने रिफ में शिरकत करने की खुशी जाहिर की। इति ने कहा कि वो राजस्थान की कला, संस्कृति को विश्व स्तर पर लाने का प्रयास कर रही है। रिफ में 13 भाषाओं में बनी फिल्मों की स्क्रीनिंग देखकर इति ने कहा कि 'रिफ अब दोगुने स्तर पर तरक्की कर रहा है, ऐसे में अब वो दिन दूर नहीं जब कजाकिस्तान, तर्की और अन्य देशों की फिल्मों की स्क्रीनिंग भी रिफ में की जाएगी'।

## संक्षिप्त समाचार

### महमूद खां चौहान प्रशासनिक अधिकारी बनने पर आयोजित हुआ सम्मान कार्यक्रम, लगा शुभकामनाओं का तांता

**चमकता राजस्थान।** सीकर। पुलिस महा निरीक्षक सीकर परिक्षेत्र कार्यालय में नियुक्त महमूद अली चौहान को प्रशासनिक अधिकारी पद पर पदोन्नति मिलने पर उनके विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, मित्रों और परिजनों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।इस अवसर पर गुरुवार दोपहर आईजी रेंज कार्यालय में आयोजित एक समारोह में पुलिस महा निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक परिश देशमुख, राजस्थान पुलिस अकादमी के एएसपी नेमीचंद खारिया, झुंझुनूं एएसपी गिरधारीलाल शर्मा आदि ने महमूद खां को गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

#### ● सम्मान समारोह में ये रहे मौजूद

इस दौरान समारोह में चौहान को माला पहनाकर बधाई देने वालों में वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल रज़ाक पंवार, एडवोकेट शब्बीर एएम कमाल,हाजी मकसूद अहमद पठान, हाजी सलीमुद्दीन जमींदार, मोहम्मद उस्मान कुरेशी, सलीम खां निर्वाण, रफीक खां चौहान, मकसूद खां चौहान, रिज़वान खां बैंस, शकील पंवार, फारूक गौरियाण, नईम खान गौड़, नवाब खां टोला, मोहम्मद हनीफ खां भाटी, ताराचंद कुमावत, जीवण खां चौहान, नाज़मि खान चौहान और नरेश माथुर आदि शामिल है। संचालन पुलिस निरीक्षक कमल कुमार ने किया।

### रा.उ.मा. संस्कृत विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ भव्य आयोजन

#### ● भामाशाहों के सकारात्मक सहयोग के बिना विद्यालयों के चहुंमुखी विकास की संकल्पना अधूरी रहेगी : उपेन यादव



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** बिलोंची कस्बे स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में वार्षिकोत्स्व भामाशाह का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया समरोह के मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी शाहपुरा विधानसभा उपेन यादव थे। अध्यक्षता संकुल प्रभारी डॉ महेश दोतोलिया ने की। विशिष्ट अतिथि राधे रानी गौशाला बिलोंची के अध्यक्ष मुनिन्द्र सिंह तोमर आरबी सिंह जादौन राष्टपति सम्मानित वरिष्ठ अध्यापक सोहन दोतोलिया भामाशाह जितेंन्द्र गुप्ता पं.स.स कैलाश इंदोरा लालचंद शेरावत सुनील मीना थे। प्रधानाध्यापक सांवरमल जाट ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी उपेन यादव ने सम्बोधित करते हुये कहा की भामाशाह के बिना विद्यालयों का विकास अधूरा हैं भामाशाहो को आगे बढ़कर इसमें सहयोग करना चाहिए विद्यालय में सहयोग करने वाले सभी भामाशाह का आभार जताया कहा की राजकीय विद्यालय में छात्र छात्राओं के घटती छात्र संख्या चिंता का विषय हैं हम सभी को राजकीय विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के लिये प्रयास करने होंगे शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यो से हटाया जाये इसकी मुख्यमंत्री से मांग करूंगा। इस मोके पर विद्यालय में सहयोग करने वाले भामाशाह जीतेन्द्र गुप्ता जगदीश पलसानिया घनशश्याम सेपट सुवालाल जाट श्रवण शर्मा एसएमसी अध्यक्ष सुरेश प्रजापत का स्वागत किया गया । इस अवसर शिक्षक राजेन्द्र खटीक रामकुमार शर्मा बाबूलाल जाट रामनरेश दोतोलिया चंदा जाट पुष्पा गुप्ता सहित ग्रामीण उपस्थित थे। मंच संचालन कालूराम सराधना ने किया।

## राज्य मंत्री बोले- गौ तस्करों पर लगाम लगाने के संबंध में शुरू की जाएंगी गौरक्षा चौकियां

बेडम बोले- अपराधी होंगे सलाखों के पीछे, जिम्मेदार पीछे हटे तो उन पर भी कार्रवाई

चमकता राजस्थान

भरतपुर । सीएम के गोवर्धन दौरे को लेकर राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम भरतपुर पहुंचे थे, लेकिन सीएम भजन लाल शर्मा का दौरा कैंसिल हो गया। इस दौरान जवाहर सिंह बेडम ने जिले में अपराध को लेकर कहा- जिलेभर में जहां-जहां जरूरत होगी वहां-वहां गौरक्षा चौकियां खोली जाएंगी। सभी तरह के अपराधी अब सलाखों के पीछे होंगे।



### ● जिम्मेदार के खिलाफ होगी प्रभावी कानूनी कार्रवाई

» राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम ने बताया कि, मुख्यमंत्री गंभीर हैं कि प्रदेश में सुशासन स्थापित हो। अपराध और भ्रष्टाचार मुक्त राजस्थान बने, और विकास की दृष्टि से राजस्थान नंबर वन बने। प्रधानमंत्री की कोशिश है कि देश 2047 तक विकसित देशों की श्रेणी में आए। उसके लिए हम काम कर रहे हैं। जहां भी कोई शिकायत मिलेगी उसकी जांच की जाएगी। जो भी उसका जिम्मेदार होगा उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन जनता के हित में काम करेंगे।

### ● गौ तस्करों पर नकेल कसने के लिए संवेदनशील जिलों गौ रक्षा चौकियां शुरू होंगी

» राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम ने बताया कि जिले में जहां जहां जरूरत होगी वहां गौ रक्षा चौकियां शुरू होंगी। पुलिस को पूरी तरह मुस्तैद कर दिया गया है। गौ तस्करों पर काफी हद तक रोक लगी है। ठगों को बख्शा नहीं जाएगा। सभी अपराधियों की जगह सलाखों के पीछे है। बीजेपी की सरकार 5 साल काम करेगी। 5 सालों में जो हमने अपराध खत्म करने का संकल्प लिया है उसे पूरा करेंगे।

## केंद्रीय बजट निराशा जनक :डोटासरा

**चमकता राजस्थान। जयपुर, 01 फरवरी।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने देश में बढती महंगाई एवं बेरोजगारी को कम करने के लिए ना तो कोई प्रावधान किया ना ही कोई उपाय किए। उन्होंने कहा कि देश की आम जनता, मध्यम वर्ग ,नौकरी पेशा वर्ग को किसी प्रकार की करों में कोई राहत प्रदान नहीं की गई, जबकि कॉरपोरेट टैक्स को घटाकर देश में आर्थिक असमानता को बढ़ाने का ही कार्य किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के बजट में गरीब ,किसान, युवा, महिला के उत्थान के लिए कोई प्रावधान नहीं है। पेट्रोल डीजल पर लगने वाली एक्सरसाइज अथवा अन्य करों में किसी प्रकार की कमी नहीं कर केंद्र सरकार ने आम आदमी को निराश करने का ही है कार्य इस बजट में किया है। उन्होंने कहा कि किसानों के काम में आने वाले औजार, खाद, रासायनिक उर्वरक पर जीएसटी को कम करने हेतु कोई प्रावधान नहीं है।

## अजमेर में फायसागर झील से होगा पानी सप्लाई, विधानसभाध्यक्ष देवनानी ने फिल्टर प्लांट को देखा, अवैध बूस्टरों पर होगी कार्रवाई



**चमकता राजस्थान। अजमेर !** जल संसाधन विभाग ने फॉयसागर झील से शहर को मीठे पानी की आपूर्ति की तैयारी शुरू कर दी है। विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को फॉयसागर रोड स्थित फिल्टर प्लांट पर निरीक्षण किया। देवनानी ने अधिकारियों की बैठक लेकर सुचारू जलापूर्ति के निर्देश दिए। विधानसभाध्यक्ष ने गुरुवार को शहर एवं अजमेर उत्तर क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था में सुधार के लिए बैठक ली। उन्होंने सर्किट हाऊस में आयोजित बैठक में पेयजल आपूर्ति में तत्काल सुधार एवं दीर्घकालीक प्रबंधन को लेकर अफसरों से चर्चा की। इससे पूर्व उन्होंने फॉयसागर रोड फिल्टर प्लांट पर जाकर भी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। देवनानी ने फॉयसागर झील से शहर में होने वाली जलापूर्ति की व्यवस्थाओं को देखा। अधिकारियों से कहा कि पेयजल आपूर्ति का खाका इस तरह तैयार किया जाए कि प्रत्येक क्षेत्र को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सकें। अधिकारियों ने बताया कि फॉयसागर से 3 एमएलडी पानी लिया जाएगा। इसे समान रूप से वितरित करने की व्यवस्था की जाएगी। योजना तैयार कर ली गई है। देवनानी ने अधिकारियों से कहा कि शहर में लीकेज को तुरंत सुधारा जाए और जलापूर्ति के समय सभी स्तर के अधिकारी स्वयं पेट्रोलिंग करें ताकि यह पता लगे कि लीकेज कहां है। लीकेज का पता लगते ही उन्हें तुरंत सुधार लिया जाए। इसी तरह अधिकारी शहर के अंतिम छोर पर भी जलापूर्ति के समय जाए और देखे कि पानी का प्रेशर कितना आ रहा है।

जेडीए प्रशासन विशेष रणनीति के तहत निरंतर रूप से भू माफियाओं पर कस रहा है नकेल

# जयपुर विकास प्राधिकरण ने प्रभावी कार्रवाई कर दो स्थानों पर सरकारी भूमि को करवाया अतिक्रमण मुक्त

## सरकारी जमीनों पर भू-माफियाओं के अतिक्रमण को निश्चित रूप से करवाया जायेगा खाली : धर्मेन्द्र यादव

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी)01 फरवरी।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-14 में ग्राम सालिगरामपुरा में करीब 1.5 बीघा सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। साथ ही जोन-13 में दिल्ली हाइवे रोड़ पर निम्स में नाले की सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम सालिगरामपुरा में करीब 1.5 बीघा सरकारी भूमि पर



कब्जा-अतिक्रमण कर बनाई गई झुग्गी, झोपड़ी, टीनषेड, तिरपाल, पषुओं का बाड़ा, गोबर के ढ़ेर इत्यादि कब्जा-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जविप्रा स्वामित्व की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे-अतिक्रमण करने के संबंध में संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही बाबत उक्त सरकारी भूमि को संरक्षित व सदुपयोंग करने के संबंध में उपायुक्त जोन-14 को पत्र लिखा गया है। उक्त कार्यवाही उप नियंत्रक प्रवर्तन-पंचम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-14, 08, 10 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित दिल्ली हाइवे रोड़ निम्स कॉलेज में करीब 500 मीटर तक सरकारी नाले की भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से लगाये गये लोहे के ऐंगल, जालियां, बनाये गये डिवाइडर, डामर की सड़क, अन्य अवैध निर्माण कब्जा-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर सरकारी नाले की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाही उप नियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-13, 02 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

स्टेट क्राइम ब्रांच की दो बड़ी कार्रवाई :

# इंडिया स्टोन मार्ट शुरू: राज्य के उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए आयोजित होगा निवेश समिट : मुख्यमंत्री

## राजस्थान का पत्थर राम मंदिर में लगा, ये हमारी विरासत का गवाह : भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

### सिंगल विंडो सिस्टम को बनायेंगे और भी आसान : राठौड़

जयपुर (खलील कुरैशी)। पूरे देश में अपनी पहचान बना चुके इंडिया स्टोन मार्ट का गुरुवार को आगाज हो गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ ने जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में इंडिया स्वेन मार्ट प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इमारती पत्थर उद्योग को प्रोत्साहन देने के मकसद से 1 से 4 फरवरी तक यह आयोजन होगा। स्टोन मार्ट रीको, सीडोस और फिक्की की ओर से आयोजित किया जा रहा है, इसमें 411 संस्थाएं शिरकत कर रही हैं। उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हाल ही में अयोध्या में निर्मित राम मंदिर में भी राजस्थान के पत्थर और हस्तशिल्पियों के कारण राजस्थान की विरासत वहां पर देखने को मिली है। पत्थर उद्योग से निकलने वाली स्लरी का भी उपयोग
किया जाएगा। इससे स्टोन इंडस्ट्री से होने वाले पॉल्यूशन में भी कमी देखने को मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश-विदेश से आए हुए निवेशक अपने सुझाव भी दें, ताकि हम उसपर मिलकर काम कर सकें। पिछले 20 सालों से इंडिया स्टोन मार्ट जैसे आयोजनों से राजस्थान में निवेश और पत्थर के कारोबार में तेज देखने को मिली है, जिससे प्रदेश का विकास हो सका है। ग्रेनाइट की मार्केटिंग पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा- राजस्थान में पत्थर और खनिज का खनन करना और इससे संबंधित उद्योग लगाने वाले निवेशकों को राज्य सरकार हर संभव सहायता करेगी। निवेशकों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को और सुगम बनाया जाएगा, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानियों से उलझना नहीं पड़े।
उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि इंडिया स्टोनमार्ट प्रदेश के समृद्ध पत्थर उद्योग को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाने में कामयाब साबित होगा और प्रदेश की निवेशकों से सिंगल विंडो सिस्टम को आसान बनाने की कही बात अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों की यह खुलेगी। पीएम नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया अभियान की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का पत्थर पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। आगामी 5 वर्षों में राज्य के पत्थर उद्योग को बढ़ावा देने एवं उद्यमियों को प्रोत्साहित करने हेतु भाजपा की डबल इंजन सरकार कृतसंकल्पित है। राजस्थान के पत्थरों का मार्केट पूरी दुनिया में आगे बढ़े इसके लिए हम प्रतिबद्ध है।
इंडिया स्टोन मार्ट के उद्घाटन के मौके पर उद्योग राज्यमंत्री के. के बिश्नोई, मुख्य सचिव सुधांश पंत, प्रमुख शासन सचिव उद्योग और अध्यक्ष रीको व सीडोस अजिताभ शर्मा, जेडीए आयुक्त मंजु राजपाल, रीको एमडी सुधीर कुमार शर्मा, फिक्की अध्यक्ष अनीश शाह, महासचिव शैलेश पाठक, खान और पेट्रोलियम सचिव आनंदी और सीडोस के उपाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।
84 विदेश संस्थाएं भी आई दिन के इस आयोजन में में 84 विदेशी और 296 भारतीय 4 एग्जीबिटर्स हैं। इसमें मार्बल, ग्रेनाइट, सैंडस्टोन, कोटा स्टोन, पत्थर की किस्मों का प्रदर्शन हो रहा है। इसमें तुर्की की 69, ईरान-5, ईटली-5, वियतनाम-1, अमेरिका-2, स्पेन-1 और रूस की 1 किस्म शामिल है।



## संक्षिप्त समाचार

### हैप्पी बर्थ डे संकट मोचक



आज तू तीस का हो गया.....इस दुनिया और हम सबकी जिंदगी में तुझे आए हुए इतना लंबा वक्त हो गया ....लेकिन फिर भी यकीन दिलाना पड़ता है कि क्या सच में तू इतना बड़ा हो गया है? क्या सच में ही तू आज से तीस साल पहले इस पृथ्वी लोक पर आया था?
यार एक तो मेरी याददाश्त , दूसरा तेरे कारनामे ....जिन्होंने तेरी पैदाइश की घटना पुरानी होने ही नहीं दी...अभी चार महीने पुरानी बात ही लगती है कि तुझे हम फ्रॉक पहना के नचाया करते थे....
ख़ैर यार.....अच्छा हुआ तू हमारे घर में पैदा हो गया....अगर तू अंबानी के यहां होता पैदा होता तो कसम से मैं कभी जान नहीं पाती कि तेरी दाढ़ी के नीचे पिंपल है और तू ऊंट जैसा बड़ा होने के बावजूद टैडी बियर्स से डरता है....
वैसे थैंक्यू, थैंक्यू इसलिए कि , तू मेरा भाई है ....मेरे मां बाप की औलाद है .....तुझसे लड़ने झगड़ने के बाद मैं श्योर रहती हूं कि तू रूसारूसी के बाद भी आस पास ही पाया जाएगा .....मेरे चंगुल से बचने का कोई रास्ता नहीं तेरे पास ....
प्यारा है तू, भोला है.....बहुत सारी कमियों और गलतियों के बावजूद तेरे बारे में एक ईमानदार राय ये है कि तू भोला है....तेरी अच्छाइयों की बात करूं तो सिर्फ इतना कहूंगी मेरी जान कि अच्छाइयों को थोड़ा कम भी कर ले तो चलेगा ....शानदार दोस्त है तू....तेरी खोपड़ी में स्क्रू हो ना हो मगर तेरा दिल तेरी हाइट से बड़ा है....जाने अंजाने बहुत बार तेरा दिल दुखा.....इस दुख से दुखी हो जाती हूं कभी कभी ...लेकिन फिर एक कप चाय अंदर और मै हो जाती हूं सिकंदर.... खुद की पीठ थपथपा लेती हूं ये सोचकर... कि तेरा दिल दुखाती हूं तो क्या हुआ....तेरी मां जैसी हूं...तेरा भला ही तो चाहती हूं....और फिर शपथ लेती हूं, जब जब जरूरत पड़ी , तेरा दिल दुखाऊंगी......

वैसे सुन, इस सब बकवास का कोई मतलब नहीं है.....मतलब पर आती हूं....प्यार है तू मेरा....बस तेरी पसीने वाली टीशर्ट से प्रॉब्लम है....जानती हूं तेरा दिल मोम है....बस कभी कभी जो तू दुनिया भर में सींग उगाए, जीभ पर नीम लगाए घूमता है ना तब दिल करता है तेरा सर फोडू या अपना? तुझे अहसास हो जाता है कि कब मैं भीड़ में ऑफेंड हो रही हूं, और तू अपने बाजू का घेरा मेरे चारों तरफ बना लेता है.....लेकिन अचानक से तू इतना बुद्धू हो जाता है कि तुझे ख़बर ही नहीं होती कि मैं तुझसे झगड़ती भी हूं तो सिर्फ तेरे लिए ही .......
पर मुझे जल्दी नहीं है कि तू समझे सब....ये नासमझियां ही शायद, हमारी समझदारी वाले दिनों में ,कच्ची पक्की यादें बनती हैं!

तूने मेरी पसंद नापसंद, मेरी छोटी छोटी बातों, छोटी छोटी जरूरतों को जिस तरह से समझा , उसके बाद मैं कभी नहीं कह सकती कि मैं तुझसे बड़ी हूं....थैंक्यू, मेरे साथ एक कप चाय पीने को इतनी दूर से आने के लिए....थैंक्यू....हर जगह से मेरी पसंद की किताबें ढूंढ ढूंढ कर लाने के लिए....थैंक्यू मेरा सबसे अच्छा दोस्त होने के लिए......अब ये मत कहना कि थैंक्यू मत बोलो.......यार गैरों को हमसे कोई खास मतलब नहीं होता.....हम उन्हें खुश करने को तमीज के सारे रिकॉर्ड तोड़ देते हैं...... तू...शुरुआत में कहा है ना , संकट मोचक? हां थैंक्यू तेरी बेइज्जती है.....मगर नए अल्फाज़ अभी मैने इजाद नहीं किए इसलिए ये थैंक्यू ही सही........दुआ तो तुझे सब देते हैं....प्यार तुझे सब करते हैं.....मै सोचती हूं कि तुझे कभी नज़र ना लगे.....हैप्पी बर्थ डे मेरे भाई..

# राजस्थान में प्रशासनिक अमले में हुआ बड़ा उलटफेर 17 आईएएस के हुए तबादले

## सुबीर कुमार को उच्च और तकनीकी शिक्षा की जिम्मेदारी, अनुपमा को पर्यटन विकास निगम का एमडी बनाया, गौरव होंगे राज्यपाल के सचिव

चमकता राजस्थान

**जयपुर। (खलील कुरैशी)** राज्य सरकार ने 17 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। वहीं, 3 आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। गहलोत सरकार में मुख्यमंत्री के सचिव रहे आईएएस अधिकारी गौरव गोयल अब राज्यपाल कलराज मिश्र के सचिव होंगे। प्रदेश में सरकार बदलने के साथ ही गौरव गोयल को एपीओ कर दिया गया था। 10 जनवरी को उन्हें प्रशासनिक सुधार विभाग में शासन सचिव के पद पर लगाया था। लेकिन, अब 20 दिन में एक बार फिर उनका तबादला करके उन्हें राज्यपाल का सचिव बनाया गया है।राज्यपाल के सचिव रहे आईएएस सुबीर कुमार को उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग में प्रमुख शासन सचिव बनाया गया है। आईएएस अनुपमा जोरवाल को राजस्थान पर्यटन निगम का एमडी बनाया गया है।






### रश्मि गुप्ता को गृह विभाग की जिम्मेदारी, विकास सीताराम भाले को पशुपालन भवानी सिंह देता को आयोजना

» आईएएस भवानी सिंह देथा को प्रमुख शासन सचिव आयोजना विभाग, विकास सीताराम भाले को प्रमुख शासन सचिव पशुपालन, मत्स्य एवं गोपालन विभाग और डॉ. पृथ्वीराज को शासन सचिव श्रम, कारखाना एवं बॉयलर निरीक्षण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

# 8 करोड़ हिंदुओं के पसीने की कमाई से बना राम मंदिर : प्रवीण भाई तोगड़िया?

वृंदावन।

अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण भाई तोगड़िया ने यहां कहा कि अयोध्या में बना भगवान राम का भव्य मंदिर कि सी व्यक्ति विशेष के पैसे से नहीं बल्कि देश के उन 8 करोड़ हिन्दुओं के पसीने की कमाई से बना है, जिन्होंने सवा-सवा रुपया इसके निर्माण के लिए वर्ष 1989 में चलाए गए अभियान में दान दिए थे। तोगड़िया बुधवार को वृन्दावन के एक आश्रम में संवादाताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में बना राम मंदिर हिन्दुओं की विजय का स्मारक है। तोगड़िया ने कहा कि इस मंदिर को बनाने के लिए वर्ष 1989 में 8 करोड़ हिन्दुओं ने सवा-सवा रुपया दान दिया था इसलिए मंदिर किसी एक व्यक्ति के पैसे से नहीं बल्कि आठ करोड़ हिन्दुओं के पैसे से बना है।



# नीतीश कुमार के एनडीए में जाने से विपक्षी गठबंधन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा : सचिन पायलट

**जयपुर/एजेंसी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव सचिन पायलट ने बुधवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने के कदम से विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा. उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को धार्मिक मुद्दों के बजाय केंद्र सरकार के दस वर्ष के रिपोर्ट कार्ड के आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए.
पायलट ने टोंक में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए, "यह बात बिल्कुल सही है कि नीतीश कुमार पाला बदल कर एक बार फिर भाजपा के साथ चले गयेङ्क लेकिन मैं समझता हूं कि हमारे गठबंधन 'इंडिया' का जो गठजोड है.. हमारा सीट-शेयरिंग है.. हम इकठ्ठा चुनाव लड रहे हैं और जिन मुद्दों को लेकर सामने आये हैं उसमें कहीं कोई फर्क पड़ेगा." उन्होंने कहा हम पूरी मजबूती से लोकसभा चुनाव लडेंगे."
टोंक से विधायक पायलट शादी समारोह में भाग लेने के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्र के दौरे पर थे. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा लगातार चल रही है और यात्रा को जो अपार समर्थन मिल रहा है उससे भाजपा भयभीत है. राहुल गांधी ने जो मुद्दे उठाए हैं वो मार्मिक मुद्दे हैं.. जनता के मुद्दे हैं और उन्ही मुद्दों को जनता पसंद कर रही है.
उन्होंने कहा,"भाजपा को धार्मिक मुद्दों के बजाय केंद्र सरकार के रिपोर्ट कार्ड के आधार पर चुनाव में जाना चाहिए." पायलट ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का जो निर्माण हुआ है, वो इस देश की सर्वोच्च अदालत के निर्णय के बाद हुआ है. जब उच्चतम न्यायालय ने वो निर्णय दिया तो सबने स्वागत किया.
उन्होंने कहा कि भगवान राम का अगर भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है, उसमें सबको खुशी है सब उसमें शामिल है लेकिन उस निर्माण का श्रेय लेना.. भगवान राम को सीमित नहीं किया जाना चाहिए. भगवान राम कण कण में विद्यमान है. भगवान राम किसी दल, एक समुदाय या एक सरकार, एक नेता, एक पार्टी, एक देश के नहीं हैङ्क पूरे ब्रह्माड के हैं."
उन्होंने कहा कि उन्हें सीमित कर देना और उन्हें राजनीतिक नजरिये से देखना मैं गलत मानता हूं. पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लेकर हुए ज्ञापन समझौते (एमओयू) को विधानसभा के पटल पर रखा जाना चाहिए और उस पर चर्चा की जानी चाहिए.



भाजपा प्रदेश कार्यालय में जयपुर जिले की शक्ति वंदन अभियान की कार्यशाला हुई आयोजित

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों से महिलाओं का हो रहा है सामाजिक एवं आर्थिक विकासः मंत्री झाबर सिंह खर्रा

## शक्ति वंदन अभियान के तहत अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का कार्य करेंगे भाजपा कार्यकर्ताः राघव शर्मा

चमकता राजस्थान



**जयपुर!(खलील कुरैशी)1 फरवरी।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज शक्ति वंदन जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। शक्ति वंदन कार्यशाला के मुख्य अतिथि स्वायत्त शासन विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा की। मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने और उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर करने का कार्य किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही लखपति दीदी योजना में भी प्रदेश सहित देशभर की महिलाओं को इससे मदद मिलेगी। शक्ति वंदन कार्यक्रम देशभर में चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य भी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।कार्यशाला में शक्ति वंदन अभियान की प्रदेश संयोजक पूजा कपिल मिश्रा ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी।

### राजस्थान में 15 लाख से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगाः पूजा कपिल मिश्रा

इस दौरान पूजा कपिल मिश्रा ने कहा कि शक्ति वंदन अभियान के तहत 48 लाख स्वयं सहायता समूह की बहनों के माध्यम से राजस्थान की 2 करोड़ महिलाओं से संपर्क किया जाएगा। लखपति दीदी योजना के तहत संपूर्ण भारत में 3 करोड़ तथा राजस्थान से 15 लाख से अधिक बहनों को लखपति दीदी बनाया जाएगा।

भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राघव शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पीएम मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों के बारे में विस्तार से महिलाओं को बताएं। केंद्र सरकार की अधिकांश योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और आत्मनिर्भर बनाना है। वहीं जन कल्याणकारी नीतियों की लाभार्थी महिलाओं से संपर्क कर उनसे संवाद करने के लिए जिला कार्यकारिणी को निर्देशित किया है। शक्ति वंदन कार्यशाला में मेयर सौम्या गुर्जर, अभियान की प्रदेश सह संयोजक डॉ अपूर्वा सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय पारीक, जिला महामंत्री एवं कार्यशाला आयोजक कृष्ण मोहन शर्मा, जिला महामंत्री कुलवंत सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी, पार्षद रेखा राठौड़, जयपुर शहर मीडिया प्रभारी शिव कुमार चौधरी, अभियान के मंडल संयोजक एवं सह संयोजक सहित भाजपा जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### हैरिटेज निगम की अस्थाई अतिक्रमण के विरूद्ध हुई कड़ी कार्रवाई

- उपायुक्त सर्तकता एस.के.मेहरानियाँ के निर्देशन में हुई कार्रवाई अतिक्रमण दस्ते ने 5 ट्रक सामान किया जब्त



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी)1 फरवरी।** नगर निगम जयपुर हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर के निर्देश पर व उपायुक्त सर्तकता एस.के. मेहरानियाँ के निर्देशन में सर्तकता शाखा के अतिक्रमण दस्ते ने गुरूवार को मय पुलिस जाप्ता के अस्थाई अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई करते हुये बड़ी चैपड़, रामगंज, गलता गेट, ट्रांसपोर्ट नगर, जलमहल, गोविन्द मार्ग, जौहरी बाजार, दूध मण्डी, जनाना अस्पताल, सिंधी कैंप आदि जगहों पर बरामदों, सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों, फुटपाथ व सड़क के किनारों से अस्थाई अतिक्रमण हटाया व मौके पर 5 ट्रक सामान जब्त कर जनता मार्केट गोदाम में जमा करवाया।

### नगर निगम ग्रेटर ने डिजिटाइजेशन की तरफ बढाये कदम

- राजकाज ई-फाइलिंग को लागू करने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये आयोजित किये जा रहे है प्रशिक्षण शिविर
- 3 दिवसीय प्रशिक्षण 3 पारियों में आयोजित किये जा रहे है
- 15 फरवरी 2024 से सभी पत्रावलियां केवल राजकाज ई-फाइलिंग से ही स्वीकार की जायेगी :- रुकमणी रियाड




**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)01 फरवरी।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के डिजिटाइजेशन हेतु राजकाज ई-फाइलिंग सिस्टम को नगर निगम ग्रेटर की समस्त शाखाओं में अपनाने के निर्देश के बाद गुरूवार को जोन कार्यालयों, मुख्यालयों, शाखाओं को ई-फाइल मॉड्यूल पर फाइल संधारण एवं संचालन संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण एसीपी वैभव कुमार द्वारा दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में आयुक्त श्रीमती रूकमणि रियाड़ भी मौजूद रही।

आयुक्त ने बताया कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग राजस्थान सरकार द्वारा विकसित राजकाज पोर्टल के ई-फाइल मॉडयूल पर फाइल संधारण एवं संचालन फाईल संधारण एवं संचालन संबंधी कार्य अनिवार्य कर दिया गया है। 15 फरवरी 2024 से भी पत्रावलियां केवल राजकाज ई-फाइलिंग से ही स्वीकार की जायेगी। पत्रावलियों का आफलाइन मोड़ पर संधारण एवं निस्तारण मान्य नहीं होगा। समस्त नवीन फाइल पूर्णतः राजकाज के माध्यम से ऑनलाइन ही भेजी जायेगी। इसके लिये 3 दिवसीय प्रशिक्षण 3 पारियों में आयोजित किया जा रहा है। गुरूवार को आयोजना शाखा, राजस्व शाखा, कार्मिक शाखा, उपायुक्त मुख्यालय, राजस्व मुख्यालय, लेखा शाखा मुख्यालय, जगतपुरा जोन, सतर्कता शाखा एवं जन्म-मृत्यु शाखा, पशु प्रबंधन शाखा सहित जगतपुरा जोन, मालवीय नगर जोन के कार्मिकों एवं अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। ई-फाइलिंग से जुड़े प्रशिक्षण में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी ने प्रशिक्षण लिया। इसके अतिरिक्त 90-क, प्रोपर्टी आई.डी., उपविभाजन, लीज डीड (पट्टा), लीज मनी डिपोजिट, स्ट्रीट वेन्डर्स लाईन्सेस सेवाओं का अनिवार्य रूप से 1 फरवरी 2024 से ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्राप्त कर ऑनलाइन ही निस्तारण किया जायेगा। 1 फरवरी 2024 से ऑफलाइन माध्यम से ऐसे प्रकरणों के निस्तारण की व्यवस्था पूर्णतः समाप्त कर दि गई है।

# जानलेवा हमले के 04 आरोपी गिरफ्तार

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)** पुलिस अधीक्षक जिला कोटा शहर शरद चौधरी आईपीएस ने बताया कि दिनांक 30/01/2024 को फरियादिया नसरीन पत्नी अनीसुद्दीन निवासी कोलीपाडा श्रीपुरा कैथूनीपोल कोटा ने थाना कैथूनीपोल जिला कोटा शहर पर एक लिखित रिपोर्ट पेश की कि दिनांक 30/01/2024 समय 4. 30 ढट के करीब मेरे पति अनीसुद्दीन नमाज पढकर घर आ रहे थे तो शिक्षा विभाग कार्यालय कोलीपाडा श्रीपुरा पर शाहरुख, लविश, फरदीन व दानिश चारो ने मेरे पति को रोका व जान से मारने की नियत से चाकू से हमला किया जिस पर मेरे पति के बचाव किया तो चाकू मेरे पति के पीछे पैर की जांघ में लगे जिससे खून निकलने लगा। फिर चारो लडके वहां से भाग गये फिर हमने उनका एमबीएसएच कोटा मे इलाज कराया वगै. रिपोर्ट पर थाना कैथूनीपोल जिला कोटा शहर पर जानलेवा हमले का प्रकरण संख्या 17/2024 धारा 307, 323, 506, 34 आई 0 पी0 सी0 मे दर्ज कर अनुसंधान शुरु किया गया। इस घटना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कोटा शहर संजय गुप्ता, वृत्ताधिकारी लोकेन्द्र पालीवाल के निर्देशन मे थानाधिकारी थाना कैथूनीपोल सतीश चंद पुलिस निरीक्षक मय जाप्ता सियाराम सउनि द्वारा अभियुक्तो की गिरफ्तारी की सरगर्मी से तलाश कर त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 31/01/2024 को प्रकरण में वाछिंत अभियुक्तगण 1. मोहम्मद अजीज उर्फ लवयू, 2. फरदीन खान उर्फ लाला 3. दानिश 4. शाहरुख उर्फ पप्पी को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है।

कार्य योजना- घटना के क्रम में फरियादी व गवाहन से अनुसंधान किया गया। घटना स्थल पर जाकर घटना का जायजा लिया जाकर चश्मदीदो से पूछताछ की गई। तकनीकी सहायता, मुखबिरान की सूचना एवं गठित टीम के प्रयासों से थाना कैथूनीपोल द्वारा दिनांक 31/01/2024 को प्रकरण मे वाछिंत अभियुक्तगण 1. मोहम्मद अजीज उर्फ लवयू, 2. फरदीन खान उर्फ लाला 3. दानिश 4. शाहरुख उर्फ पप्पी को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की। अभियुक्त मोहम्मद अजीज उर्फ लवयू व शाहरुख उर्फ पप्पी के कब्जे से घटना करने के काम मे लिया गये अलायजरब 02 तेज धारदार चाकू बरामद किये गये है। प्रकरण मे अभियुक्तगणो से अनुसंधान जारी है। चारो अभियुक्तो का न्यायालय मे पेश किया जावेगा।

- **अभियुक्तगणों के नाम और पता**

» (1)मोहम्मद अजीज उर्फ लवयू पुत्र अनवर जाति मुसलमान भिश्ती उम्र 18 साल साल निवासी बाबा के चबूतरे के पास श्रीपुरा हाल शाहिद कबाडी के मकान मे किराये से साजीदेहडा थाना किशोरपुरा जिला कोटा शहर(2). फरदीन खान उर्फ लाला पुत्र फरमान खान जाति मुसलमान पठान उम्र 18 साल निवासी हाजी गुलजार के सामने गोदू की दुकान के पास भिश्तीपाडा श्रीपुरा थाना कैथूनीपोल जिला कोटा शहर(3). दानिश पुत्र अनवर जाति मुसलमान भिश्ती उम्र 21 साल निवासी बाबा के चबूतरे के पास श्रीपुरा हाल शाहिद कबाडी के मकान मे किराये से साजीदेहडा थाना किशोरपुरा जिला कोटा शहर(4) शाहरुख उर्फ पप्पी पुत्र रईस मोहम्मद जाति मुसलमान भिश्ती उम्र 23 साल निवासी पेशाब घर के पास भिश्तीपाडा श्रीपुरा थाना कैथूनीपोल जिला कोटा शहर

### महानिदेशक डॉ रविप्रकाश मेहरड़ा के ससुर का देहांत, लाल कोठी मोक्ष धाम में हुआ दाह संस्कार

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)01 फरवरी।** महानिदेशक साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवाएं डॉ रवि प्रकाश मेहरडा के ससुर स्वर्गीय नवीन डांगी का बुधवार को देहांत हो गया। गुरुवार को सामाजिक रीति रिवाज के साथ लाल कोठी मोक्ष धाम में दाह संस्कार संपन्न हुआ। उनके परिवार में उनकी पत्नी कमला डांगी, दो बेटे राजीव व संजीव डांगी पुत्रवधु गरिमा व राखी एवं एक पुत्री हर्षला मेहरड़ा है।जयपुर के सिविल लाइंस क्षेत्र के शिवाजी नगर निवासी दिवंगत नवीन डांगी डॉ अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान जयपुर के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं। लंबी बीमारी के पश्चात बुधवार को उनका निधन हो गया। शुक्रवार दोपहर 4 बजे तीये की बैठक जय क्लब अशोक मार्ग लॉन, सी स्कीम में रखी गई है।

### नाबालिग से गैंगरेप के मामले में एक साल से फरार 11 हजार रुपये का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)01 फरवरी।** नाबालिग को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म के मामले में थाना उद्योग नगर पुलिस की टीम ने एक साल से फरार चल रहे आरोपी दीपक उर्फ दीपू मीणा पुत्र गुड्डू उर्फ माधव लाल (29) निवासी थाना सदर जिला अशोकनगर एमपी को थाना रेलवे कॉलोनी कोटा शहर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर 11 हजार का इनाम घोषित किया हुआ है। एसपी शरद चौधरी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले में 100 दिवसीय कार्य योजना के क्रियान्वयन के लिये चलाए जा रहे विशेष अभियान में लंबे समय से फरार आरोपी दीपक मीणा की गिरफ्तारी के लिए एडिशनल एसपी संजय गुप्ता व सीओ धर्मवीर सिंह के निर्देशन में एवं एसएचओ उद्योग नगर अनिल जोशी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। एसपी चौधरी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध थाना उद्योग नगर में साल 2022 में एक नाबालिग को अगवा कर बेचने का प्रयास और सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले का मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अनुसंधान के बाद जेल भेज दिया था। कुछ समय बाद आरोपी गलत तरीके से कोर्ट से जमानत करवाकर फरार हो गया था। मामले में आरोपी के विरुद्ध कोर्ट से स्थाई वारंट जारी किए हुए हैं। इस अभियान के तहत थाना पुलिस की टीम ने पारंपरिक पुलिसिंग एवं आधुनिक तकनीकी की सहायता से आरोपी दीपक उर्फ दीपू मीणा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इससे पहले भी आरोपी के विरुद्ध पांच आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए हैं। आरोपी से अग्रिम अनुसंधान एवं पूछताछ की जा रही है।

## जेईई-मेन 2024 का पहला सत्र सम्पन्नः

# मैथेमेटिक्स और इनऑर्गेनिक-केमिस्ट्री तय करेगी मेरिट

चमकता राजस्थान

**कोटा।** जेईई-मेन परीक्षा के पहले चरण का समापन गुरुवार को हो गया। अब नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए 12 फरवरी को पहले सेशन के स्कोर कार्ड जारी करेगी। ऑल इंडिया रेंक्स एवं कट ऑफ अप्रेल सेशन के बाद जारी होगी।मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि जेईई-मेन परीक्षा के पहले चरण की सभी शिफ्ट के पेपर विश्लेषण से लगता है कि टॉप-मेरिट्स का निर्धारण मैथेमेटिक्स एवं इनऑर्गेनिक केमेस्ट्री में मिले अंक से होगा। वर्ष 2023 की तरह 2024 के पहले सत्र में भी केमिस्ट्री का पेपर करीब-करीब सभी शिफ्ट में आसान रहा। फिजिकल और ऑर्गेनिक केमिस्ट्री के सवाल आसान थे, लेकिन इनऑर्गेनिक केमिस्ट्री के फेक्ट बेस्ड सवालों ने विद्यार्थियों की अच्छी-खासी परीक्षा ली है।

मैथेमेटिक्स के पेपर परम्परागत रूप से लेंदी और कठिन रहे। लगभग सभी शिफ्ट में एटोमिक स्ट्रक्चर व फोटो इलेक्ट्रिक इफेक्ट से सवाल आए थर्मोडायनेमिक्स से फिजिक्स एवं केमिस्ट्री, दोनों में ही सवाल पूछे गए। ऐसे में इन टॉपिक्स की अच्छी तैयारी के साथ परीक्षा में शामिल हुए विद्यार्थियों को फायदा मिला है।तय पेटर्न के मुताबिक दोनों ही परियों में जेईई-मेंस के पेपर में कुल 90 सवाल पूछे गए। इसमें फिजिक्स, केमिस्ट्री तथा मैथेमेटिक्स से 30-30 सवाल आए। प्रत्येक विषय में 20 सवाल ऑब्जेक्टिव टाइप तथा 10 सवाल न्यूमेरिक थे, जिनमें से 5-5 सवाल हल करने थे। किसी भी सवाल का सही जवाब देने के लिए जहां 4 अंक मार्किंग मिलने हैं, वहीं गलत जवाब देने पर एक अंक कटेगा।

- **अंतिम दिन मैथ्स मध्यम, फिजिक्स आसान से मध्यम और केमिस्ट्री रही आसान**



नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित जेईई मेन परीक्षा के अंतिम दिन गुरुवार को दोनों ही परियों में मैथ्स का डिफिकल्टी लेवल मध्यम, फिजिक्स का आसान से मध्यम और केमिस्ट्री का लेवल आसान रहा। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि पहली पारी में मैथ्स में केलकुलस और अलजेब्रा पर जोर देते हुए सभी अध्यायों से सवाल पूछे गए। कुछ सवाल लम्बे और पेचीदा बताए गए। वेक्टर, 3 डी ज्योमेट्री, डिफरेंशियल इक्वेशन और कॉनिक सेक्शन से एक से अधिक सवाल पूछे गए। केलकुलस, निरंतरता और भिन्नता, क्षेत्र और विभेदक समीकरण से भी सवाल पूछे गए। अलजेब्रा में प्रोबेबिलिटी, बाइनोमिअल थ्योरम, काम्प्लेक्स नम्बर्स, स्टेटिस्टिक्स, प्रोग्रेशन्स, मेट्रिक्स और डेटर्मिनेन्ट्स, निर्देशांक ज्यामिति, मिक्स्ड कॉन्सेप्ट्स के साथ क्रम परिवर्तन और संयोजन, वृत्त, दीर्घवृत्त और हाइपरबोला से सवाल पूछे गए। न्यूमेरिकल सेक्शन में लम्बी गणनाएं थीं।

फिजिक्स में कुछ सवाल सीधे एनसीईआरटी बेस्ड थे। बारहवीं कक्षा के अध्यायों से कुछ फेक्ट आधारित सवाल भी पूछे गए थे। छात्रों ने महसूस किया कि चेप्टर्स कवरेज के हिसाब से फिजिक्स सेक्शन बैलेंस्ड था। कायनेमेटिक्स, गति के नियम, कार्य शक्ति और ऊर्जा, गुरुत्वाकर्षण, वृत्ताकार गति, ऊष्मा और ऊष्मागतिकी, चुम्बकत्व से 2-2 सवाल पूछे गए। वेव ऑप्टिक्स, कपसिटंस, करंट इलेक्ट्रिसिटी, मॉडर्न फिजिक्स, सेमीकंडक्टर्स से सवाल पूछे गए थे। एमसीक्यू और न्यूमेरिकल आधारित दोनों तरह के सवाल लम्बे थे।केमिस्ट्री में फिजिकल केमिस्ट्री के मुकाबले ऑर्गेनिक और इनऑर्गेनिक केमिस्ट्री को अधिक महत्व दिया गया था। इलेक्ट्रोकेमिस्ट्री, थर्मोडायनेमिक्स, एटॉमिक स्ट्रक्चर, केमिकल बांड से 2 से 3 सवाल पूछे गए। जनरल आर्गेनिक केमिस्ट्री से अल्कोहल, ईथर और फिनोल, एमाइन, एरिल और अल्काइल हेलाइड्स मिक्स्ड कॉन्सेप्ट टाइप के सवाल दिए गए। कोआर्डिनेशन कम्पाउंड्स और पीरियाडिक टेबल से भी 2 से 3 सवाल पूछे गए। कुछ सवाल सीधे एनसीईआरटी टेक्स्ट बुक्स से पूछे गए थे, जिससे यह सेक्शन आसान हो गया।

### दूसरे सत्र 2 के लिए रजिस्ट्रेशन आज से

» नितिन विजय ने बताया कि आंसर की अगले सप्ताह की शुरुआत में जारी होने के आसार है। इसके बाद अभ्यर्थियों को आपत्ति दर्ज कराने का मौक दिया जाएगा। फिर फाइनल आंसर की और नतीजों का ऐलान होगा। एनटीए 2 फरवरी को जेईई मेन 2024 सेशन 2 के लिए आवेदन विंडो खोलने वाली है। जो उम्मीदवार जेईई मेन 2024 अप्रेल सेशन के लिए उपस्थित होना चाहते हैं, वे आधिकारिक वेबसाइट [illegible] पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। जेईई मेन का दूसरा सत्र एक से 15 अप्रेल के बीच होगा। यदि कोई उम्मीदवार दोनों सत्र में उपस्थित होता है तो सर्वश्रेष्ठ स्कोर को योग्यता और रेंक के लिए माना जाएगा। जो विद्यार्थी दूसरे सत्र में जेईई–मेन देंगे, उन्हें सलाह है कि फार्मूला एवं फेक्ट बेस्ड क्वेश्चंस की अच्छी प्रेक्टिस करें। सभी सवालों में नेगेटिव मार्किंग है, इसलिए गलत करने से बेहतर है कि सवाल को छोड़ दिया जाए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929